वर्ष : 16 अंक : 15 | प्रत्येक गुरुवार प्रकाशित | अनूपपुर 18 से 24 अप्रैल 2024 | मूल्य 2.00 | पृष्ठ 8 | Epaper-www.fatwasamachar.com

डाक पंजी-SDL-0019/2025

RNI-MPHIN/2008/24599



# फतवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ का लोकप्रिय समाचार पत्र

आपका विश्वास

**सुविचार**

समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुलाम नबी आजाद ने किया लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान

**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (ष्ठक्क्क) के प्रमुख गुलाम नबी आज़ाद ने 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। इससे पहले, पूर्व कांग्रेस नेता को डीपीएपी ने अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र से नामांकित किया था। गुलाम नबी आज़ाद ने बुधवार को अनंतनाग में एक बैठक में यह घोषणा की। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और पूर्व कांग्रेसी गुलाम नबी आजाद खुद की पार्टी बनाकर चुनावी मैदान में हैं। उधमपुर में जीएम सरूरी लड़ रहे हैं। आजाद को सीएम रहने के दौरान जम्मू में कराए गए कामों के लिए पसंद किया जाता है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (ष्ठक्क्क) के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद ने कठुआ बलात्कारियों का समर्थन करने वाले लाल सिंह का समर्थन करने के लिए राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला को आड़े हाथों लिया। वे बीजेपी से भी बदतर हैं। राहुल गांधी ने एक बार कहा था कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी हम नहीं जाएंगे। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जब तक वह जेल नहीं जाएंगे, हम सांस नहीं ले पाएंगे। जेल का क्या हुआ? लोकसभा चुनाव में गुलाम नबी आज़ाद की पार्टी के प्रत्याशियों से भाजपयों को उम्मीद है कि यह वोट बैंक आजाद की पार्टी के खाते में जाने से उन्हें फायदा होगा।

### यूपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं, डिंपल यादव बोलीं- सरकार जो कहती है वो कर नहीं पा रही

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी की मैनपुरी सीट से प्रत्याशी डिम्पल यादव ने कहा कि रामनवमी की प्रथा सदियों से चली आ रही है और आगे भी चलती रहेगी। हम सभी ने पूजा की, कन्या पूजन किया...निश्चित तौर पर इस बार जीत हमारी होगी। लोग समझ रहे हैं कि मौजूदा सरकार जो कहती है वो नहीं कर पा रही। उत्तर प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। इससे पहले डिंपल यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। डिंपल के नामांकन के समय समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव और शिवपाल सिंह यादव मौजूद थे। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है, अब फिर कह रहा हूं कि पश्चिम (पश्चिमी यूपी) से इस बार बीजेपी का सफाया होने जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने किसान को धोखा दिया है। उन्होंने कहा था कि किसानों की आय दोगुनी होगी, लेकिन सरकार एमएसपी देने में भी विफल रही... इस बार 400-पार नहीं बल्कि 400-हार उनकी होने जा रही है।

### अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर कार के ट्रक से टकराने से 10 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है। इस हादसे में 10 लोगों की जान चली गयी और कुछ लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर एक कार के ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने से दस लोगों की मौत हो गई और एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना तब घटी जब एक कार एक ट्रेलर ट्रक के पीछे जा घुसी। कार वडोदरा से अहमदाबाद जा रही थी। यह घटना तब घटी जब एक कार एक ट्रेलर ट्रक के पीछे जा घुसी। कार वडोदरा से अहमदाबाद जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हादसे में कार में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही दो एंबुलेंस मौके पर पहुंची और शवों को अस्पताल पहुंचाया। कार में सवार 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर भारी यातायात जाम लग गया। पुलिस ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### मोदी लहर के भ्रम में न रहें, नवनीत राणा के वायरल हो रहे भाषण पर विपक्षी दलों ने ली चुटकी

**नई दिल्ली।** अमरावती से भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार नवनीत राणा का 'कोई मोदी लहर नहीं' होने का दावा करने वाला एक वीडियो वायरल होने के बाद, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने कहा कि वह सच बोल रही हैं, और यह जमीन पर मतदाताओं के मूड को दर्शाता है। नवनीत राणा ने सोमवार को अपने अमरावती निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए यह कथित टिप्पणी की। हमें इस चुनाव को ऐसे लड़ना होगा जैसे कि यह ग्राम पंचायत का चुनाव हो। हमें दोपहर 12 बजे तक सभी मतदाताओं को बूथ पर लाना होगा और उन्हें वोट देने के लिए कहना होगा। इस भ्रम में न रहें कि मोदी लहर है 2019 में भी, मोदी लहर थी।

### अयोध्या के भव्य राम मंदिर में हुआ रामलला का सूर्य तिलक

# अद्भुत क्षण के साक्षी बने करोड़ों रामभक्त

**अयोध्या। 500 वर्षों तक चले संघर्ष के बाद निर्मित भव्य महल में मना रामलला का पहला जन्मोत्सव अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय रहा। रत्न जड़ित पीतांबरी यानी पीला वस्त्र व सोने का मुकुट धारण कर रामलला ने भक्तों को दर्शन दिए। अध्यात्म व विज्ञान का अद्भुत संगम भी उस समय नजर आया, जब सूर्य की किरणों ने पांच मिनट तक सूर्यवंश के सूर्य का सूर्य तिलक किया।**



इस अद्भुत क्षण को हर कोई अपनी आंखों में बसाने को लालायित नजर आया। वहीं, कार्यक्रम का प्रसारण न्यूज चैनलों के माध्यम से किया गया, जिससे घर बैठे करोड़ों लोग इस अद्भुत क्षण के साक्षी बने।

भजन-कीर्तन, स्तुति-वंदना के बीच सबकी निगाहें घड़ी की सुइयों पर थीं। जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां 12 की ओर बढ़ रही थीं, आतुरता भी बढ़ती रही। बालक राम सहित उत्सव मूर्ति की मनमोहक छवि के दर्शनकर भक्त मंत्रमुग्ध होते रहे। ...नवमी तिथि मधुमास पुनीता, सुकुलपछ अभिजित हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न धामा, पावन काल लोक विश्रामा। स्तुति तक पहुंचते-पहुंचते पूरे 12 बज चुके थे।

ये भी पढ़ें - सूर्य तिलक- राम के ललाट पर सूर्य देव ने किया तिलक, पांच मिनट तक हुए अभिषेक को कौतुक से देखती रही दुनिया मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने मंदिर के कपाट खोले तो घंटा घड़ियाल बजने के साथ ही भक्तों ने भए प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... का भजन गायन शुरू कर दिया। जैसे ही जन्मोत्सव का कर्मकांड हुआ पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। भक्त उत्साह की सीमाओं का उल्लंघन करने से भी नहीं चूके। मंदिर परिसर में मौजूद हर शख्स भावविभोर दिखा। संत एमबीदास व अन्य कलाकारों ने बधाइयां गाईं तो भक्त झूमने-नाचने लगे।

पुजारी प्रेमचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सुबह 3ः30 बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे। रामलला का श्रृंगार, राग-भोग, आरती व दर्शन साथ-साथ चलता रहा। सुबह से ही मंदिर में अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया था। चारों वेदों का पाठ, वाल्मीकि रामायण का पाठ सहित अन्य अनुष्ठान हुए। रामलला के सूर्य तिलक के समय श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास, सीबीआरआई रुड़की के निदेशक प्रो प्रदीप कुमार सहित अन्य विज्ञानी व साधु-संत मौजूद रहे।

### पीएम मोदी ने असम में हेलीकॉप्टर में बैठकर देखा रामलला का सूर्य तिलक

**नलबाड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के नलबाड़ी में चुनाव प्रचार किया। उनकी इस रैली में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों को रामनवमी की बधाई दी। इस खास मौके पर उन्होंने फोन की फ्लैश लाइट जला कर लोगों से रामलला के सूर्य तिलक से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब सूर्य देवता स्वयं प्रभु राम के जन्मदिन को मनाने के लिए किरण के रूप में उतर रहे हैं, पूरे देश में एक नया माहौल है और ये प्रभु श्रीराम का जन्मदिन 500 साल बाद आया है, जब उन्हें अपने घर में जन्मदिन मनाने का सौभाग्य मिला है

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज रामनवमी का ऐतिहासिक अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। अभी कुछ मिनटों के बाद प्रभु राम का सूर्य तिलक करके, उनका जन्मोत्सव अयोध्या की पवित्र नगरी में, राम मंदिर में मनाया जाएगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उन्हें नलबाड़ी की सभा के बाद अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है।

### पीएम मोदी के डरने की जरूरत नहीं वाले बयान पर बोलीं प्रियंका, हम तो वैसे भी नहीं डरते



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने एएनआई को दिए इंटरव्यू में कहा था कि मेरे पास बड़ी योजनाएं हैं। किसी को डरने की ज़रूरत नहीं है। मेरे निर्णय किसी को डराने, दबाने के लिए नहीं हैं। वे देश के समग्र विकास के लिए हैं। पीएम मोदी के बयान पर अब कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का बयान सामने आया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि उनके नेता हर जगह जाकर ये क्यों कह रहे हैं कि संविधान को बदलने वाले हैं? जब संविधान बदलेंगे तो आरक्षण का क्या होगा। सबके वोट के अधिकार का क्या होगा? इसका जवाब दें। ये कहना काफी नहीं है कि डरिए मत। हम तो वैसे भी नहीं डरते। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि या तो इन्होंने कुछ गड़बड़ पहले से कर रखी है कि इनको पता है कि इन्हें 400 पार मिलने वाले हैं...अगर देश में ऐसा चुनाव हो जिसमें ईवीएम में कोई गड़बड़ न हो तो मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि ये 180 से ज्यादा सीटें नहीं ले सकते, उससे भी कम सीटें लेंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सहारनपुर में रोड शो किया। सहारनपुर सीट के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान किया जाएगा।

### पाकिस्तान और चीन के पास भी...परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के वादे पर राजनाथ बोले-

## देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ से कम नहीं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सार्वजनिक सभा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता चाहता हूं कि 2047 आते-आते हमारा ये भारत दुनिया की विकसित देश के रूप में खड़ा हो जाएगा। पीएम मोदी ने अपने कार्यकाल में 4 करोड़ पक्के मकान यहां के गरीबों को देने का काम किया है और 75 साल से अधिक के बुजुर्गों को हम 5 लाख तक मुफ्त में इलाज करवाएंगे।

यूडीएफ और एलडीएफ ने अपने लगातार शासन में केरल के लोगों को लूटा है। अब वे केंद्र में एक संयुक्त मनी हाइस्ट की योजना बना रहे हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे। भारत की जनता ने ठान लिया है अबकी बार चार सौ पार। रुस-यूक्रेन युद्ध के दौरान 22000 से अधिक स्टूडेंट्स को यूक्रेन से निकाला गया और अभी कुछ दिन पहले हैती से भी भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया है। आप जानते हैं, हमारी सरकार ने युद्ध के बीच फंसी हमारी नर्स सिस्टर्स को भारत वापस लेकर आए थे इराक से। सूडान में जब सिविल वॉर छिड़ा तब बहुत मुश्किल हालात में भारतीयों को निकाला गया।

कांग्रेस पार्टी अभी तक 19वीं सेंचुरी की सोच के साथ चल रही है। एलडीएफ भी एक आउटडेटेड ऑडियोलाजी है पर डिपेंडेंट है। जहां से कम्युनिस्म का ओरिजिन हुआ वहाँ से कॉम्युनिस्म ख़त्म हो गया। इन दोनों पार्टियों का कल्चर भी केरला की ग्रेट कल्चर से भी मेल नहीं खाता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के चुनाव घोषणापत्र पर सवाल उठाया, जिसमें भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने का वादा किया गया था और उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाया। उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी से स्पष्टता भी मांगी।

### अगर मोदी इस बार चुनाव में जीते तो लोकतंत्र नहीं बचेगा, ममता बनर्जी का बीजेपी पर तीखा हमला



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि रामनवमी के मौके पर राज्य में दंगे भड़काने की साजिश रची जा रही है। पिछले साल के जश्न में राज्य में हिंसा हुई थी, जिससे भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच बड़े पैमाने पर टकराव हुआ था। बनर्जी ने एक चुनावी रैली में आरोप लगाया, वे आज दंगे में शामिल होंगे। दंगा होने की संभावना है। और वे दंगा करके और वोट लूटकर (चुनाव) जीतेंगे। इससे पहले आज, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए समारोह के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की। हालाँकि, भाजपा ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री भारतीय और सनातनी संस्कृति को अपमानित कर रही हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर शांति बनाए रखने की अपील की है, यह रामनवमी के त्योहार का अपमान है क्योंकि अन्य धार्मिक अवसरों पर आपने (ममता बनर्जी) शांति का संदेश दिया है, लेकिन यहां आप पूछ रहे हैं शांति बनाए रखें शांति और समृद्धि का संदेश देने के बजाय, ऐसा करके आप भारतीय और सनातनी संस्कृति को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं।

### करोड़पति का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों का क्यों नहीं, राहुल का कर्नाटक में वादा-

## मनरेगा शहरों में भी करेंगे लागू



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मांड्या में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो अप्रेंटिस का अधिकार अपने युवाओं को देने जा रही है। हिन्दुस्तान में हम 400 रुपए प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी करेंगे...मनरेगा योजना हम गांव के साथ शहरों में भी लागू करेंगे। किसानों ने मुझसे कहा कि करोड़पतियों का कर्ज माफ हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के 25 सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया है, यानी पैसा मनरेगा के 24 साल के लायक है। किसान पूछ रहे हैं कि करोड़पति का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों का क्यों नहीं।

राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन है, जिन्होंने हिंदुस्तान को संविधान और लोकतंत्र दिया। दूसरी तरफ आरएसएस-बीजेपी है जो संविधान, लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं और देश के हर एक संस्थान में अपने लोगों को डाल रहे हैं।

बीजेपी के लोग अरबपतियों की सरकार चलाते हैं। हम आम जनता, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सरकार चलाते हैं। भारत में पहली बार, कांग्रेस द्वारा किसानों को कानूनी रूप से गारंटीकृत न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। कर्नाटक में किसानों, महिलाओं के लिए काम करेंगे। कर्नाटक में बेरोजगारी के लिए काम करेगी कांग्रेस; पहली नौकरी पक्की योजना लाएंगे।

### भाजपा का गाजियाबाद से गाजीपुर तक सफाया होगा



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि इस समय बदलाव की हवा चल रही है और उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को पीडीए (पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक) हराएगा। यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है... बदलाव की हवा चल रही है। उन्होंने दावा किया, भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला। विकास के वादे भी अधूरे हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, चुनावी बॉण्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') एक नयी उम्मीद है। जिस दिन देश का किसान खुश हो जाएगा, उन्हें सही एमएसपी मिलेगी और उनकी आय बढ़ेगी, उस दिन से गरीबी खत्म होनी शुरू हो जाएगी।

### थम गया पहले चरण के चुनाव प्रचार का शोर

## 21 राज्यों की 102 सीटों पर 19 अप्रैल को होगी वोटिंग



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान यानी 17 अप्रैल की शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर लगी है। जिन 21 राज्यों में 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहां प्रचार बुधवार शाम 5 बजे समाप्त हो गया। आम चुनाव के पहले चरण में 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों ने पहले चरण से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों में कई रैलियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के नलबाड़ी और त्रिपुरा के अगरतला में दो चुनावी रैलियां कीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक में प्रचार किया, जबकि उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनावी रैली की। पहले चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सपा और कांग्रेस, जो व्यापक भारत गठबंधन का हिस्सा हैं, ने उत्तर प्रदेश में आम चुनाव लड़ने के लिए हाथ मिलाया है। दोनों नेताओं ने बीजेपी पर तीखे हमले करते हुए कहा कि पार्टी संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। राहुल ने यह भी भविष्यवाणी की कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में सिर्फ 150 सीटें जीतेगी जबकि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की संख्या में उछाल देखने को मिलेगा।

### कार्यवाही

### अब तक 50 करोड़ की संपत्ति जब्त

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के 13 ठिकानों पर ईडी के छापे

**लखनऊ। खनन घोटाले और आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के चार शहरों के 13 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को छापे मारे। लखनऊ, अमेठी, दिल्ली और मुंबई में हुई कार्रवाई के दौरान तमाम बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। 44 लाख की नकदी भी जब्त की गई है।**



जांच एजेंसी ने गायत्री के महिला मित्र गुड्डा देवी की लखनऊ में आशियाना स्थित आवास और दामाद के विभूति खंड, गोमतीनगर में ओमेक्स हाइट्स के फ्लैट को भी खंगाला है। इसके अलावा गायत्री के सरोजनी नायडू मार्ग स्थित हैवलक कॉलोनी में निर्माणाधीन परिसर, आम्रपाली योजना व आलमबाग के परिसरों को भी खंगाला गया है। कार्रवाई के दौरान केंद्रीय बलों के जवान भी मौजूद रहे। ईडी के अधिकारियों ने गायत्री के बेटे अनुराग को अमेठी से लखनऊ के जोनल कार्यालय लाकर पूछताछ की, जो देर रात तक जारी रही। सूत्रों के अनुसार अनुराग जांच में सहयोग नहीं कर रहा था। ईडी ने बीते दिनों गायत्री के मुंबई के ठिकानों पर छापा मारा था। वहां चार बेशकीमती फ्लैटों में अरबों की बेनामी संपत्तियों और कंपनियों में निवेश के प्रमाण मिले थे। उनकी जांच के बाद ईडी के अधिकारियों ने गायत्री के बाकी ठिकानों को भी खंगालने का निर्णय लिया। इसके बाद बृहस्पतिवार को कार्रवाई की। जांच में सामने आया है कि गायत्री ने गुड्डा देवी और अपने दामाद के नाम से भी कई संपत्तियां खरीदी हैं। गुड्डा देवी के अमेठी के ठिकाने पर छापे के दौरान अधिकारियों ने नोट गिनने वाली दो मशीन भी मंगाईं।

संपादकीय

## संवेदनहीनता के अस्पताल

आये दिन छोटे-बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों में ऐसे किस्से उजागर होते हैं, जो चिकित्सा-तंत्र की संवेदनहीनता को दर्शाते हैं। लेकिन लुधियाना के सिविल अस्पताल में एक मरीज के साथ एक ही बैड में शव रखना वाकई परेशान करने वाली घटना है। हालांकि, पहले कहा गया कि अज्ञात मरीज का शव एक अन्य मरीज के बिस्तर पर दो घंटे से अधिक समय तक रहा, बाद में विभागीय जांच में अवधि को 37 मिनट बताया गया। बहरहाल, घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले में प्रशासनिक जांच के आदेश दिये गए हैं, लापरवाही की जवाबदेही तय करके कार्रवाई की बात कही जा रही है। निश्चित रूप से घटना परेशान करती है। निस्संदेह, उस मरीज की मनःस्थिति को समझा जा सकता है जो शव के साथ लेटा रहा होगा। यह घटना हमारे सरकारी अस्पतालों की बदहाली को बताती है, जिसके चलते कि एक बैड पर दो-दो मरीजों को लिटाया जाता है। ऐसे में रोगियों को अन्य संक्रमण होने की भी प्रबल संभावना बनी रहती है। विडंबना ये है कि इन अस्पतालों में वे ही मरीज आते हैं, जो मजबूरी के मारे होते हैं। वे प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने में सक्षम नहीं होते। बताया जाता है कि मरने वाले मरीज को नौ अप्रैल को लुधियाना के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी जांघ की हड्डी टूटी थी। इस अज्ञात मरीज के साथ कोई तीमारदार भी नहीं था। लगता है कि उसे समय रहते पर्याप्त उपचार नहीं मिल पाया। बताया जाता है कि बारह अप्रैल को किसी डॉक्टर ने मरीज की फाइल में नोट लिखा कि मरीज बिस्तर पर नहीं पाया गया, जबकि मरीज चलने-फिरने में सक्षम नहीं था। उसकी फाइल में कुछ और नोट्स भी हैं लेकिन लिखने वाले डॉक्टर का नाम उसमें नहीं था। चौदह अप्रैल को मरीज को दूसरे अस्पताल में रैफर किया गया, लेकिन रैफर करने वाले डॉक्टर का उसमें उल्लेख नहीं है।

कालांतर 15 अप्रैल को मरीज की सुबह ग्यारह चालीस पर मौत होना बताया गया है। शव को सवा बारह बजे के बाद मोर्चरी में शिफ्ट किया जाना बताया गया। मामले के तूल पकड़ने के बाद लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर ने मामले की जांच शुरू की है। बहरहाल, मामले की हकीकत जांच के बाद ही सामने आ पाएगी। लेकिन घटना ने एक बार फिर सिविल अस्पतालों में प्रबंधन की खामियों को उजागर ही किया है। बताते हैं कि नौ अप्रैल को भर्ती अज्ञात मरीज को ग्यारह अप्रैल तक उपचार नहीं मिला। कहना कठिन है कि उस मरीज के साथ क्या हादसा हुआ जिससे उसकी जांघ की हड्डी टूटी। क्या वो कोई राहगीर था जो किसी वाहन से हुई दुर्घटना का शिकार हुआ? यदि वह स्थानीय था तो उसके तीमारदार क्यों नहीं आए? क्या वह किसी आपराधिक साजिश का शिकार हुआ? बहरहाल, एक बात तो तय है कि दुर्भाग्य का मारा अज्ञात मरीज सिविल अस्पताल में कोताही का शिकार हो गया। बहुत संभव है कि समय रहते उसे उपचार मिलता तो शायद उसकी जान बच जाती। सवाल यह है कि गरीबों की अंतिम उम्मीद बने सरकारी अस्पतालों की बदहाली सुधारने के प्रयास क्यों नहीं किये जाते?

# अनंत काल तक रहेगा प्रभु राम का अस्तित्व

ऐसा नहीं कि जब तक सृष्टि रहेगी, तभी तक राम की दृष्टि होगी। हमारे हमारा ग्रह पृथ्वी के बनने के कारण तक भगवान श्री राम का अस्तित्व रहेगा, सृष्टि के नष्ट होने के बाद भी भगवान इस तर्क में भूल नहीं हैं। श्री राम का अस्तित्व हमेशा रहेगा क्योंकि वो ईश्वर हैं। यह बात स्वामी विवेकानंद ने कहीं थी कि श्री राम उन देवता में से हैं जिन्होंने मर्यादा का पालन किया और उनकी दया दृश्टिकोण ही उन्हें ईश्वर के समकक्ष बनाती है। यानि ईश्वर तो सिर्फ एक है, दो चार तो नहीं हैं। सेवा के लिए पहली शर्त प्रेम है, अर्थात जिसके दिल में प्रेम हैं, वही सेवा कर सकता है। टॉल्स्टॉय ने कहा है, प्रेम स्वर्ग का रास्ता है। बुद्ध का कथन है, प्रेम इंसानियत का एक फूल है और है और प्रेम उसका मधु। रामकृष्ण परमहंस ने कहा है, प्रेम संसार की ज्योति है। विक्टर ह्यूगों का कहना है, जीवन एक फल है और प्रेम उसका मधु। रामकृष्ण परंमहंस ने कहा है, प्रेम अमरता का समुदंर है। कबीर का कथन है, जिस घर में प्रेम नहीं, उसे मरघट समझ—बिना प्राण के साँस लेने वाली लुहार की धौंकनी। ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होए।। उपरोक्त पंक्ति के रचियता कबीरदास हैं। इस पंक्ति के माध्यम से ये कहना चाह रहें है कि बड़ी बड़ी पुस्तकें पढ़ कर संसार में कितने ही लोग मृत्यु के द्वार पहुँच गए, पर सभी विद्वान न हो सके। अलग—अलग शब्दों में सभी महापुरूषों ने प्रेम का बखान किया है। वास्तव में प्रम मानव-जाति की बुनियाद है। प्रेम ऐसा चुम्बक है, जो सबको अपनी ओर खींच लेता है। जिसके हृदय में प्रेम है, उसके लिए सब अपने हैं। भारतीय संस्कृति में तो सारी पृथ्वी को एक कटुम्ब माना गया है—'वसुधैव कुटुम्बकम्।'ईश्वर केवल एक है और जिन्होंने अन्तरिक्ष की व्यवस्था चला रखी हैआप उसका(भगवान) रूप देखिये हजारों साल पहले के बाद भगवान राम वैसे ही दिखेंगे जैसे पहले की तरह दिखता है जबकि मनुष्य का रूप समय के साथ बदलता है कई वर्षों के बाद यानी बचपन, जवानी और बुढ़ापाअपना दिखेगा राम कभी भी बुढ़ापा में नहीं दिखता है।, भगवान राम मानव के कल्याण के लिए अवतार लिया गया हैदेखने में उसका वास्तविक रूप मनुष्य जैसा नहीं है वो ईश्वर है औरजो सबकों प्रेम करता है, उससे बड़ा दौलतमंद कोई नहीं हो सकता। वह दूसरे के दिल में ऊँची भावना पैदा कर देता है। यदि गुस्सा होकर सूरज धूप और रोशनी न दे, धरती अन्न न दे, हवा प्राण न दे, तो सोचिए, हम लोगों की क्या हालत होगी! ईश्वर ने सारे



इंसानो को एक-सा बनाया है। आदमी आदमी मे कोई अन्तर नही रक्खा। अन्तर तो स्वयं आदमी ने पैदा किया है। एक आदमी दिमाग़ से काम करता है, दूसरा शरीर से। पहले को हम बड़ा मानते है और उसे अधिक पैसा देते है, दूसरे को किसान-मजूर कहकर छोटा मानते है। और उसकी कम कीमत लगाते है। लेकिन यह न्याय नही है। जो दिमाग काम करता है, उसे भी खाने को अन्न चाहिए और अन्न बिना शरीर की मेहनत के नही मिल सकता। शरीर से काम करे वाले को दिमागी काम करने वाले का सहारा चाहिए। इस तरह दोनों एक-दूसरे के पूरक है। एक के बिना दूसरे का काम नही चल सकता। हृदय में प्रेम व राम है पर आज का समाज उन्हें एक-दूसरे का पूरक या साथी मानता कहाँ है?

बुद्धि से काम करने वाला शरीर की मेहनत को छोटा और ओछा मानता है और उससे बचता है। वह मानता है कि मजूर से मेहनत लेने का उसे अधिकार है।ईश्वर सच्चिदानन्द है, असीम शक्ति का भंडार है। ईश्वर हमारे लिए एक अनन्त एवं अक्षय शक्तिस्रोत है। यदि आपका आत्मविश्वास विलुप्त हो चुका है, आप प्रभु भक्ति के द्वारा उसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। भावपूर्ण प्रार्थना करना एक विचित्र संबल देता है। धर्मों के नाम पर परस्पर घृणा का प्रचार करनेवाले तथा युद्ध भड़कानेवाले धर्म के तत्व एवं उद्देश्य को नहीं समझते हैं। संत किसी एक धर्म के खूंटे से नहीं बँधते हैं और सत्य का सत्कार करते हैं, वह चाहे जहाँ भी प्राप्त हो। एक सच्चा मानव मंदिर, गिरजा, गुरुद्वारा, मस्जिद को समान रुप से पवित्र मानता है तथा उसे अनेक मार्गों (धर्मों) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। अपनी व्यक्तिगत अनुभूति के आधार पर ईश्वरतत्व को पहचानना तथा अपने स्वभाव के अनुसार उसके साथ एक व्यक्तिगत नाता स्थापित करना ईश्वर-प्राप्ति का श्रेष्ठ मार्ग है।

प्रेरक प्रसंग

## कैसे खोज सकते हैं आप अपने सभी समस्याओं का समाधान



भगवान बुद्ध अक्सर अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान किया करते थे। एक दिन प्रातः काल बहुत से भिक्षुक उनका प्रवचन सुनने के लिए बैठे थे। बुद्ध समय पर सभा में पहुंचे, पर आज शिष्य उन्हें देखकर चकित थे क्योंकि आज पहली बार वे अपने हाथ में कुछ लेकर आए थे। करीब आने पर शिष्यों ने देखा कि उनके हाथ में एक रस्सी थी। बुद्ध ने आसन ग्रहण किया और बिना किसी से कुछ कहे वे रस्सी में गाँठ बांधने लगे।

वहाँ उपस्थित सभी लोग यह देख सोच रहे थे कि अब बुद्ध आगे क्या करेंगे; तभी बुद्ध ने सभी से एक प्रश्न किया, मैंने इस रस्सी में तीन गांठें लगा दी हैं, अब मैं आपसे ये जानना चाहता हूँ कि क्या यह वही रस्सी है, जो गाँठें लगाने से पूर्व थी? इसे भी पढ़ें =

एक शिष्य ने उत्तर में कहा, गुरूजी इसका उत्तर देना थोड़ा कठिन है, ये वास्तव में हमारे देखने के तरीके पर निर्भर है। एक दृष्टिकोण से देखें तो रस्सी वही है, इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। दूसरी तरह से देखें तो अब इसमें तीन गांठें लगी हुई हैं जो पहले नहीं थीं; अतः इसे बदला हुआ कह सकते हैं। पर ये बात भी ध्यान देने वाली है कि बाहर से देखने में भले ही ये बदली हुई प्रतीत हो पर अंदर से तो ये वही है जो पहले थी; इसका बुनियादी स्वरुप अपरिवर्तित है। सत्य है !, बुद्ध ने कहा, अब मैं इन गांठों को खोल देता हूँ। यह कहकर बुद्ध रस्सी के दोनों सिरों को एक दुसरे से दूर खींचने लगे। उन्होंने पुछा, तुम्हें क्या लगता है, इस प्रकार इन्हें खींचने से क्या मैं इन गांठों को खोल सकता हूँ?

नहीं-नहीं, ऐसा करने से तो या गांठें तो और भी कस जाएंगी और इन्हे खोलना और मुश्किल हो जाएगा। एक शिष्य ने शीघ्रता से उत्तर दिया। बुद्ध ने कहा, ठीक है, अब एक आखिरी प्रश्न, बताओ इन गांठों को खोलने के लिए हमें क्या करना होगा? शिष्य बोला, इसके लिए हमें इन गांठों को गौर से देखना होगा, ताकि हम जान सकें कि इन्हे कैसे लगाया गया था, और फिर हम इन्हे खोलने का प्रयास कर सकते हैं। मैं यही तो सुनना चाहता था। मूल प्रश्न यही है कि जिस समस्या में तुम फंसे हो, वास्तव में उसका कारण क्या है, बिना कारण जाने निवारण असम्भव है। मैं देखता हूँ कि अधिकतर लोग बिना कारण जाने ही निवारण करना चाहते हैं , कोई मुझसे ये नहीं पूछता कि मुझे क्रोध क्यों आता है, लोग पूछते हैं कि मैं अपने क्रोध का अंत कैसे करूँ? कोई यह प्रश्न नहीं करता कि मेरे अंदर अंहकार का बीज कहाँ से आया, लोग पूछते हैं कि मैं अपना अहंकार कैसे ख़त्म करूँ?

# मातृशक्ति को लज्जित करती अमर्यादित भाषा!

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देश में राजनीतिक सरगर्मियां उफान पर है। सियासत के सूरमा ज़िक्र तो लोक कल्याण और समावेशी विकास करते हैं, लेकिन इक्कीसवीं सदी के बदलते भारत की राजनीति भी करवटें बदल रही है। विपक्ष तो विपक्ष सत्ता पक्ष भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कब राजनीति की नैतिकी और सिद्धांतों को धत्ता बता दें। यह पता ही नहीं चलता। ऐसे में अभिव्यक्ति के नाम पर अनर्गल बयानबाजी ने राजनीति की शुचिता को तार-तार कर दिया है। बोल के लब आजाद है तेरे पंक्ति का शोर आजकल राजनैतिक आबोहवा में गुंजित हो रहा है। ऐसे में मालूम तो यही पड़ता कि जब मशहूर शायर फैज अहमद फैज ने इन पंक्तियों को लिखा होगा तो शायद ही कभी ये सोचा होगा कि देश के राजनेता उनकी इस पंक्ति के सहारे शब्दों की सारी मर्यादा लांघ जाएंगे!

यूं तो महिलाओं के प्रति की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों के लिए भारतीय लोकतंत्र सदियों से बदनाम रहा है, लेकिन चुनाव आते-आते विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर को अमर्यादित भाषा के वायरस से कलंकित करने में हमारे राजनेता कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। खासकर महिला नेताओं को लेकर अभद्र टिप्पणी का दौर कुछ इस तरह चल पड़ा है। जो अब थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम तो कुछ यूं हो चला है कि अब महिला नेत्री भी इस मुकाबले में पीछे नहीं रही है। बीते दिनों ही कंगना रनौत और ममता बनर्जी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां इसकी ताजा मिसाल हैं। लेकिन महिलाओं पर ऐसे हमले क्यों होते हैं और यह स्थिति कैसे बदलगी? ये कोई नहीं कह सकता। वैसे जब महिला ही महिला को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगें। फिर स्थिति और असहज हो जाती है।

बीते दिनों पश्चिम बंगाल से बीजेपी सांसद दिलीप घोष ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर विवादित टिप्पणी की। उन्होंने कहा, दीदी (ममता बनर्जी) गोवा में खुद को गोवा की बेटी बताती हैं, त्रिपुरा जाकर खुद को त्रिपुरा की बेटी बताती हैं। उन्हें पहले अपने पिता की पहचान करनी चाहिए। यूं तो चुनाव आयोग ने ऐसे बयानों पर चेतावनी देकर इतिश्री कर ली है। पर इससे कोई खास फ़र्क नहीं पड़ा तभी तो अभी हाल के दिनों में ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद रणदीप सुरजेवाला ने हरियाणा के कैथल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि हम लोग विधायक, सांसद क्यों बनते हैं? हम हेमा मालिनी तो हैं नहीं कि चाटने के लिए बनते हैं। अब जरा कोई रणदीप सुरजेवाला को यह बताएगा कि कांग्रेस में भी महिलाएं सांसद-विधायक क्यों बनती हैं? आख़िरकार रणदीप सुरजेवाला कोई दूध पीते बच्चे तो है नहीं जो अनाप-शनाप कुछ भी बोल दिए! एक पार्टी का जिम्मेदार नेता कैसे अशोभनीय भाषा और नीचता पर उतारू हो जाता है। यह समझ नहीं आता। वैसे अमर्यादित भाषा का ये दौर राजनीति के गलियारों में सदियों से चलता आया है। फिर चाहे वो पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और बसपा प्रमुख मायावती जैसी वरिष्ठ नेता ही क्यों न रही हो। स्मृति ईरानी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पति चोर कहकर ट्रोल किया गया था। जबकि साल 2020 में सोनिया गांधी के जन्मदिन पर बार डांसर डे ट्रेंड कर रहा था। साल 2016 में उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मायावती की तुलना वैश्या से कर दी थी।

विडंबना देखिए कि चुनाव आते ही हमारे देश में महिला सशक्तिकरण पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाता है। देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही है लेकिन महिलाओं के साथ छींटाकशी आधुनिक समाज में भी चरम पर हैं। माना कि चुनाव का दौर चल रहा है और जीतने के लिए मुद्दे गढ़े जाते है लेकिन यह कौन सा तरीका हुआ कि महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की जाए। वह भी देश का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं द्वारा। ममता बैनर्जी हों या हेमा मालिनी। किसी भी महिला के खिलाफ किसी राजनेता को अभद्र टिप्पणी करने का क्या अधिकार है? हमारी मां-बहन- बेटियां हैं। उनकी भी तो कोई इज्जत है! फिर किसी सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय महिला के साथ शाब्दिक छींटाकशी क्यों? दुःखद तथ्य यह है कि अब तो महिलाएं स्वयं महिलाओं पर अनर्गल प्रलाप कर रही हैं। कंगना रनौत से जुड़ा मामला कुछ ऐसा ही है। वैसे तो नारी की जिंदगी मर्यादा में सिमटी हुई है। पितृसत्तात्मक समाज के इस दौर में महिलाओं के लिए चुनौतियाँ कम नहीं है। आज भी आधुनिक होते समाज में महिलाओं के लिए पाबंदी कम नहीं है। ये अलग बात है कि पंचायत की राजनीति से लेकर संसद और राष्ट्रपति की कुर्सी तक महिलाएं पहुंच चुकी हैं लेकिन अब भी उनकी संख्या सीमित है। आज के दौर में हम विकसित होने का ढोंग भले रच लें, लेकिन सोच और समझ हमारी रसातल में जा पहुँची है। देश के शीर्ष पदों पर बैठे लोगों से लेकर निचले स्तर तक के लोग महिलाओं के खिलाफ बदजुबानी में पीछे नहीं हैं। ऐसे में सवाल कई उठते हैं, लेकिन जब लोकराज ही बिना लोकलाज के चलने लगें। फिर उन सवालों का ज़्यादा औचित्य नहीं?

आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र अमर्यादित भाषा के वायरस से पीड़ित हो चुका है। जो उसके लिए बहुत बड़ी विडंबना वाली बात है। राजनीति का अर्थ यह तो कतई नहीं होता कि सियासतदां एक दूसरे के निजी जीवन पर आक्षेप करने लग जाएं। राजनीति सदियों से हमारे समाज का अंग रही है। फ़िर हमारे सियासत के सूरमा लोकतंत्र के भीतर राजनीति के सिद्धांतों को तिलांजलि क्यों दे रहें हैं? आज जिस दौर में भारतीय राजनीति में भाषा की गिरावट अपने निम्नतम स्तर पर पहुँच गयी है। राजनेताओं के बोल बिगड़ते जा रहे है। उन्हें दूसरे राजनीतिक दल के नेताओ को बुरा बोलने में कोई बुराई नजर नही आती है। फ़िर सवालों की एक लंबी फेहरिस्त उत्पन्न होती है। क्या उसके उत्तर हमारे लोकतांत्रिक पहरुओं के पास है? पहला सवाल अभिव्यक्ति की आज़ादी ये तो नहीं कहती कि आप किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के मान को भंग करें? फ़िर आख़िर ऐसा क्यों हो रहा है? राजनीति निजी दुश्मनी अदा करने का कोई अखाड़ा भी नहीं। फ़िर अमर्यादित होने का क्या निहितार्थ? जब संवैधानिक व्यवस्था में राजनीति का जन्म देश को सुचारू रूप से आगे ले जाने के लिए हुआ। फ़िर मूल उद्देश्य को क्यों बिसार रहे राजनीति के सिपहसालार? इसके अलावा जब भाषा हमारे सामाजिक परिवेश का स्तर तय करती है। भाषा हमारी सोच का पैमाना होती है।

चिंतन-मनन

## ज्ञान के रास्ते पर

गौतम बुद्ध के प्रवचन में एक व्यक्ति रोज आता था और बड़े ध्यान से उनकी बातें सुनता था। बुद्ध अपने प्रवचन में लोभ, मोह, द्वेष और अहंकार छोड़ने की बात करते थे। एक दिन वह व्यक्ति बुद्ध के पास आकर बोला- मैं लगभग एक महीने से आपके प्रवचन सुन रहा हूं। पर क्षमा करें, मेरे ऊपर उनका कोई असर नहीं हो रहा है। इसका कारण क्या है? क्या मुझमें कोई कमी है? बुद्ध ने मुस्कराकर पूछा- यह बताओ, तुम कहां के रहने वाले हो? उस व्यक्ति ने कहा- श्रावस्ती। बुद्ध ने पूछा- श्रावस्ती यहां से कितनी दूर है?, उसने दूरी बताई। बुद्ध ने पूछा- तुम वहां कैसे जाते हो? व्यक्ति ने कहा- कभी घोड़े पर तो कभी बैलगाड़ी में बैठकर जाता हूं। बुद्ध ने फिर प्रश्न किया- कितना समय लगता है?, उसने हिसाब लगाकर समय बताया। बुद्ध ने कहा- यह बताओ क्या तुम यहां बैठे-बैठे श्रावस्ती पहुंच सकते हो व्यक्ति ने आश्चर्य से कहा- यहां बैठे-बैठे भला वहां कैसे पहुंचा जा सकता है। इसके लिए चलना तो पड़ेगा या किसी वाहन का सहारा लेना पड़ेगा। बुद्ध मुस्कराकर बोले- तुमने बिल्कुल सही कहा। चलकर ही लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। इसी तरह अछी बातों का प्रभाव भी तभी पड़ता है जब उन्हें जीवन में उतारा जाए। उसके अनुसार आचरण किया जाए। कोई भी ज्ञान तभी सार्थक है जब उसे व्यावहारिक जीवन में उतारा जाए। मात्र प्रवचन सुनने या अध्ययन करने से कुछ भी प्राप्त नहीं होता। उस व्यक्ति ने कहा- अब मुझे अपनी भूल समझ में आ रही है। मैं आपके बताए मार्ग पर आज से ही चलूंगा। बुद्ध ने उसे आशीर्वाद दिया।

# झूठ बोलने से व्यक्ति भीतर से हो जाता है कमजोर, इन गलतियों से बचें

**कहते हैं कि इंसान गलतियों का पुतला है। दुनिया में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है जिसने कभी कोई गलती न की हो, ऐसे में अगर आपसे कोई गलती हो जाती है, तो अपराधबोध में हमेशा घिरे रहने की बजाय उस गलती से सबक लेते हुए आगे बढ़कर खुद में बदलाव करें।**

लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कुछ बातों को गंभीरता से लेना चाहिए। सब से कभी भी हिम्मत न हारें क्योंकि कभी ऐसा समय आता है जब कठोर परिश्रम करने के बाद भी सफलता दूर लगती है। यही वह स्थिति होती है जब व्यक्ति के धैर्य की परीक्षा होती है। विद्वानों का मत है कि जब लगने लगे कि अंधेर घनघोर है, तो समझ लें आपके जीवन में रोशनी आने वाली है। इसलिए हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। सफलता प्राप्त करने के लिए कभी भी गलत तरीकों का प्रयोग नहीं करना चाहिए और न ही झूठ का सहारा लेना चाहिए। झूठ बोलने की आदत सफलता में सबसे बड़ी बाधा है। झूठ बोलने से व्यक्ति का आत्म विश्वास कमजोर होता है। वह स्वयं को मन ही मन कमजोर समझता है। इसलिए स्वयं की ताकत को पहचानें और कठोर परिश्रम करें।



# जल्द आ सकती है एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के रिजल्ट की तारीख



**मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में एक करोड़ 10 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा।**

भोपाल | माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की एक करोड़ 10 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब सिर्फ एक प्रतिशत वो उत्तरपुस्तिकाएं जांची जा रही हैं, जिन्हें किसी कारण से होल्ड कर दिया गया था। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है।

अब रिजल्ट तैयार करने का काम चल रहा है। इसमें 10 दिनों का समय लगेगा। अप्रैल के अंतिम सप्ताह यानी 22 से 25 अप्रैल तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। एमपी बोर्ड दोनों कक्षाओं का रिजल्ट इस बार भी एक साथ ही आएगा।

17 लाख विद्यार्थी हुए थे परीक्षा में शामिल - बता दें कि 10वीं व 12वीं में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इस बार 12वीं के विद्यार्थियों को रसायनशास्त्र में दो बोनस अंक भी मिलेंगे। मंडल के अधिकारियों ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का लक्ष्य पांच अप्रैल तक रखा गया था, लेकिन समय से मूल्यांकन कार्य पूरा नहीं हो सका। शिक्षकों को तेजी से डाटा एनालिसिस कर मूल्यांकन करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि इस माह के अंतिम सप्ताह तक रिजल्ट घोषित किया जा सके।

# पहले चरण की 6 सीटों पर 19 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**मध्य प्रदेश में पहले चरण की 6 सीटों पर शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले सुबह 5.30 बजे मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।**

भोपाल | मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में 19 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। बालाघाट संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र बैहर, लांजी और परसवाड़ा के सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 से दोपहर 4 बजे तक मतदान होगा। राजन ने बताया कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5:30 बजे मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5:30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा।

इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।




# मध्य प्रदेश में थमा पहले चरण का चुनाव प्रचार, मतदान से पहले भाजपा-कांग्रेस ने लगाया जोर

**बालाघाट के बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में चार बजे से लग गया रैली, सभा, रोड शो पर प्रतिबंध।**



भोपाल | मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शामिल सीटों के लिए प्रचार बुधवार शाम छह बजे से थम गया। बालाघाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नक्सल प्रभावित विधानसभा क्षेत्र बैहर, लांजी और परसवाड़ा में चार बजे से रैली, सभा और रोड शो प्रतिबंधित हो गए। प्रचार के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस ने जोर लगाया।

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव छिंदवाड़ा, वारासिवनी, डिंडौरी और जबलपुर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया तो कमल नाथ ने छिंदवाड़ा में तीन सभाएं कीं। मतदान 19 अप्रैल को सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा।

पहले चरण के चुनाव में मध्य प्रदेश की सीधी, शहडोल, मंडला, बालाघाट, जबलपुर और छिंदवाड़ा लोकसभा सीटें शामिल हैं। यहां 80 प्रत्याशी मैदान में हैं। बुधवार को प्रचार के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस ने सभाएं कीं।

मतदान के पहले अब घर-घर संपर्क और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का दौर चलेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जो उस क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें क्षेत्र छोड़ना पड़ेगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा होटल, लाज, धर्मशालाओं की जांच भी की जाएगी।

बालाघाट लोकसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित विधानसभा क्षेत्र बैहर, लांजी और परसवाड़ा में मतदान दोपहर चार बजे तक होगा। बाकी सभी जगहों पर शाम छह तक मतदान होगा। मतदान दल 18 अप्रैल को रवाना होकर मतदान केंद्रों पर पहुंचेंगे और मतदान कराने की सभी तैयारी करेंगे।

सुबह साढ़े पांच बजे होगा माकपोल - मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह साढ़े पांच बजे से माकपोल होगा। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उनके अधिकृत अभिकर्ता की उपस्थिति में संपन्न की जाएगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उनका अभिकर्ता साढ़े पांच बजे मतदान केंद्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक प्रतीक्षा की जाएगी।

इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में माकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसके पहले बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट को जमाया जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा। न्यूनतम 50 वोट से माकपोल होगा।

## मतदाता परिचय-पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

भोपाल | भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है।

क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे।

यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।

मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी/मार्गदर्शन के लिये उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं।

# छिंदवाड़ा और मंडला में कांटे का संघर्ष, बालाघाट व सीधी में तीसरे प्रत्याशी ने भी झोंकी ताकत

**कांग्रेस की ओर से मात्र राहुल गांधी की मंडला में हुई सभा, भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह सहित कई दिग्गजों ने की सभाएं।**



भोपाल | लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए बुधवार को प्रचार थम गया। छह सीटों वाले इस गोंडवाना अंचल में जहां भाजपा ने पूरी ताकत झोंकी तो कांग्रेस का चुनाव प्रचार फीका रहा।

कांग्रेस की ओर मात्र राहुल गांधी ने मंडला के धनौरा गांव में सभा ली लेकिन भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह सहित कई दिग्गजों ने सभाएं कीं। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने छह सीटों पर कई सभाएं और रोड शो किए।

शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले छह सीटों में से छिंदवाड़ा और मंडला में कांटे का संघर्ष है तो आदिवासी बहुल सीट बालाघाट और सीधी में तीसरे प्रत्याशी ने भी झोंकी ताकत झोंककर त्रिकोणीय मुकाबला बना दिया है। बालाघाट में भाजपा-कांग्रेस के अलावा बहुजन समाज पार्टी के कंकर मुंजारे और सीधी में भाजपा के बागी व गोंडवाना पार्टी के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह भी चुनाव में भाग्य आजमा रहे हैं।

पहले चरण में जहां राम मंदिर, दलित-आदिवासियों का मुद्दा हावी रहा, वहीं धान के समर्थन मूल्य को लेकर भी किसानों की नाराजगी सामने आई। भाजपा ने छिंदवाड़ा में परिवारवाद को भी मुद्दा बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी-दलित और ओबीसी के स्वाभिमान का मुद्दा भी उठाया और कहा कि कांग्रेस ने सदैव इनका अपमान किया। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी सिवनी जिले के धनौरा गांव में आदिवासी अस्मिता को संकट में बताते हुए आदिवासी क्षेत्र में छटी अनुसूची लागू करने का वादा किया।

### कमल नाथ के खिलाफ भाजपा ने ताकत झोंकी

छिंदवाड़ा में कमल नाथ के वर्चस्व को खत्म करने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा ने यहां से बंटी साहू को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबलपुर, बालाघाट और पिपरिया आकर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छिंदवाड़ा की जनता को अपना संदेश दिया, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री ने छिंदवाड़ा में रोड शो कर माहौल बदलने का प्रयास किया।

यहां कांग्रेस से नकुल नाथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं पर प्रतिष्ठा पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की दांव पर लगी है। यही एक मात्र सीट ऐसी है जो पिछले चुनाव में कांग्रेस ने जीती थी। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद सिंह पटेल लगातार दौरे कर रहे हैं। उधर, कमल नाथ, नकुल नाथ और उनकी मां अलका नाथ व पत्नी प्रिया नाथ ने मोर्चा संभाला हुआ है।

### मंडला से केंद्रीय मंत्री कुलस्ते का मुकाबला कांग्रेस के मरकाम से

मंडला में केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का मुकाबला कांग्रेस के ओमकार सिंह मरकाम से है। दोनों 2014 के लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने आ चुके हैं। कुलस्ते को हाल ही में विधानसभा चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा था इसलिए इस चुनाव में उन्हें कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। वहीं, शहडोल में भाजपा की हिमाद्री सिंह के मुकाबले में कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह मार्को हैं तो बालाघाट में भाजपा ने भारती पारधी और कांग्रेस ने सम्राट सिंह सरस्वार, जबलपुर में भाजपा ने आशीष दुबे और कांग्रेस ने दिनेश यादव के बीच संघर्ष है।

मेरा आप सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि कांग्रेस प्रत्याशियों को अपना अमूल्य वोट देकर देश में परिवर्तन का शंखनाद करें। यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। यह देश का संविधान, युवाओं के लिए रोजगार, देश के आर्थिक हालात और किसानों, श्रमिकों एवं हमारी मातृशक्ति के भविष्य को सुरक्षित रखने का चुनाव है इसलिए कांग्रेस का साथ दीजिए..हाथ बदलेगा हालात। • **जीतू पटवारी, प्रदेश अध्यक्ष, मध्य प्रदेश कांग्रेस**

यह चुनाव परिवारवाद को समाप्त करने का है। बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने जो काम किए हैं, उनसे सारी दुनिया में भारत के प्रति भरोसा बढ़ा है। चाहे राम मंदिर का निर्माण हो, धारा 370 हटाना हो, ट्रिपल तलाक विरोधी कानून या नागरिकता संशोधन कानून हो या फिर महिला आरक्षण बिल हो, मोदी सरकार के इन ऐतिहासिक कामों से भारत विश्व में मानवता की प्रबल पक्षधर शक्ति के रूप में उभरा है। मोदी सरकार के इन कामों ने सारी दुनिया में एक अमिट छाप छोड़ी है इसलिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर आपका वोट दनिया के शीर्ष में भारत का नाम पहुंचा सकता है। • **विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा मध्य प्रदेश**

# साइड वर्ज और ग्रीन बेल्ट का संधारण नहीं करने पर सुपरवाइजर को नोटिस



**नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई सहित अन्य कार्यो का निरीक्षण किया है।**

भोपाल | शहर के नर्मदापुरम रोड पर साईड वर्ज और ग्रीन बेल्ट का समुचित संधारण न करने पर संबंधित गार्डन सुपरवाइजर को नोटिस देने की कार्रवाई की गई है। जबकि निर्धारित मानक अनुसार चेंबर न बनाने पर जियो और आइडिया कंपनी को भी नोटिस देकर जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई सहित अन्य कार्यो का निरीक्षण किया है।

जानकारी के अनुसार शहर की साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के लिए निगमायुक्त द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने नर्मदापुरम रोड स्थित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और आरआरएल से बागसेवनिया थाना, मिसरोद तक साईड वर्ज एवं ग्रीन बेल्ट में लगे पेड़-पौधों आदि की समुचित देखभाल न करने एवं सिंचाई आदि की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित क्षेत्र के उद्यान सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही मोबाइल कंपनियों द्वारा केबल के चेंबर व्यवस्थित ढंग से न बनाए जाने पर जियो एवं आइडिया कंपनियों को नोटिस जारी करने एवं जुर्माना लगाने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त ने बीआरटीएस बस स्टाप के कबाड़े को तत्काल उठवाने, सड़कों, नालियों व अन्य स्थानों की बेहतर साफ-सफाई कराने, सीएंडडी वेस्ट, कचरा आदि तत्काल उठवाने और सीएंडडी वेस्ट फेंकने वाले भूस्वामी पर जुर्माना लगाने, शराब की दुकान के पास से टपरे, गुमठी, बबूल की झाड़िया आदि हटाने तथा सीवेज चेंबर व रोडक्रास की मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं।

निगमायुक्त ने जाटखेड़ी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का किया निरीक्षण - निगमायुक्त हरेंद्र नारायन ने जाटखेड़ी स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया और लीचेट बहता पाए जाने एवं सीवेज व्यवस्था ठीक न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रभारी सहायक यंत्री (सीवेज) को कारण बताओ नोटिस जारी किया।सीवेज आउटलेट तत्काल ठीक कराने, वेंटीलेशन के लिए एकजास्ट फेन लगाने, कचरा वाहनों में पूरी क्षमता से कचरा परिवहन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ट्रांसफर स्टेशन पर आने वाले कचरा वाहनों में कचरे की मात्रा आदि का भी अवलोकन किया और ट्रांसफर स्टेशन के कंट्रोल रूम में कचरा वाहनों के डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, ट्रिप एवं वाहन में गीले एवं सूखे कचरे की क्षमता आदि की समीक्षा की।

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव की सभी तैयारियां पूरी, 871 नाके बनाए



**अब तक 18 करोड़ 30 लाख रुपये की नकदी समेत 117 करोड़ 97 लाख रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की।**

भोपाल | प्रदेश में चार चरणों में होने जा रहे लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद हैं। अब तक 18 करोड़ 30 लाख रुपये की नकदी समेत 117 करोड़ 97 लाख रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की जा चुकी हैं।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं तो मतदान केंद्रों पर पेयजल, आवश्यक दवाइयां और टेंट की व्यवस्था की जा रही है। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने चुनाव आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू द्वारा चुनाव की तैयारियों को लेकर वर्चुअली समीक्षा बैठक में कही।

उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में कुल 871 नाके बनाए गए हैं, जहां पर निगरानी की जा रही है। इनमें से 309 अंतर्राज्यीय और 562 राज्य के अदंर नाके बनाए गए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक जब्ती की कार्रवाई हो चुकी है। पहले चरण के मतदान के लिए मतदाता पर्चियों का वितरण हो चुका है और दूसरे चरण के लिए यह कार्य प्रारंभ कर दिया है।

उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू ने टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक से अलग-अलग चर्चा कर चुनाव की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे भी उपस्थित थे।

12 वैकिल्पक दस्तावेजों से करा सकते हैं मतदान - मतदान के लिए मतदाता फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों के आधार पर मतदान कर सकते हैं। इनमें आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आइडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जाब कार्ड, पेंशन दस्तावेज, पासपोर्ट, पासबुक (बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत जारी आरजीआइ स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

# ओवरब्रिज पर रेलवे ने अपने हिस्से का काम शुरू किया, छह माह और इंतजार करना होगा

**थ्री इएमइ सेंटर छोर पर भी काफी काम हो चुका है। रेल प्रशासन को फाटक के आसपास अपने क्षेत्र में काम करना बाकी है। यह काम लगातार टल रहा था। अब रेलवे ने यह काम प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इसके लिए रेल प्रशासन ने अगले छह माह तक फाटक स्थाई रूप से बंद करने की सूचना जारी की है।**



भोपाल | संत हिरदाराम नगर स्टेशन के दूसरे छोर पर बनी कालोनियों तक सुगम आवाजाही के लिए रहवासियों को छह माह इंतजार करना होगा। लोक निर्माण विभाग की सेतु शाखा ने रेलवे क्रासिंग क्रमांक 115 पर आरओबी का काम कर रही है। अब रेल प्रशासन ने भी अपने हिस्से का काम प्रारंभ किया है। अगले छह तक फाटक बंद रहेगा। इस दौरान केवल दो पहिया वाहनों की आवाजाही हो सकेगी।

पीडब्ल्यूडी ने फाटक रोड पर अपने हिस्से में पिल्लर खड़े कर दिए हैं। थ्री इएमइ सेंटर छोर पर भी काफी काम हो चुका है। रेल प्रशासन को फाटक के आसपास अपने क्षेत्र में काम करना बाकी है। यह काम लगातार टल रहा था। अब रेलवे ने यह काम प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इसके लिए रेल प्रशासन ने अगले छह माह तक फाटक स्थाई रूप से बंद करने की सूचना जारी की है। चार पहिया वाहन चालक बकानियां छोर से प्रवेश कर सकेंगे। माना जा रहा है किछह माह में पीडब्ल्यूडी भी अपना बचा हुआ काम पूरा कर देगा। पहले क्रासिंग की जगह रेलवे ने अंडर ब्रिज बनाने की स्वीकृति दी थी लेकिन अंडर ब्रिज में जलभराव की समस्या को देखते हुए ओवर ब्रिज स्वीकृत किया गया।

पटरी पार कालोनियों को मिलेगी राहत - आरओबी बनन से पटरी के दूसरे छोर पर स्थित सीटीओ, कैंप नंबर 12, मथाई नगर, देवलोक कालोनी, सत्यम कालोनी, पूजाश्री नगर आदि कालोनियों के रहवासियों को सुविधा हो जाएगी। दाता कालोनी होते हुए एयरपोर्ट रोड जाने वालों को भी वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। इन दिनों लाऊखेड़ी में नई बसाहट हो रही है। यहां के रहवासियों को भी बैरागढ़ तक आने में सुविधा होगी। आरओबी का एक हिस्सा संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन तक उतारने का भी प्रस्ताव है। यह काम होने से सीटीओ के नागरिक सीधे स्टेशन आ सकेंगे।

## रीवा के लिए 15 ट्रिप स्टेशल ट्रेन 20 अप्रैल से चलेगी

भोपाल | रेल प्रशासन द्वारा गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की सहूलियत के लिए रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति के बीच 20 अप्रैल से समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। 27 जुलाई तक हर शनिवार को यह ट्रेन 15-15 ट्रिप चलाई जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि ट्रेन 02173 रानी कमलापति-रीवा समर स्पेशल ट्रेन 20 अप्रैल से 27 जुलाई तक हर शनिवार को रानी कमलापति स्टेशन से रात 10:15 बजे रवाना होगी। अगले दिन (रविवार) को बीना और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होती हुई सुबह 7:20 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। वहीं ट्रेन नंबर 02174 रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट समर स्पेशल ट्रेन 20 अप्रैल से 27 जुलाई तक हर शनिवार को रीवा स्टेशन से दोपहर 12:30 बजे रवाना होगी। यह रात 9:15 बजे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

## होम वोटिंग एवं पोस्टर बैलेट के कार्यो की समीक्षा आज

भोपाल | लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत होम वोटिंग एवं पोस्टर बैलेट के माध्यम से मतदान करने के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक गुरूवार 18 अपे्रल को आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने बताया कि यह बैठक कलेक्टे्रट के बेतवा सभागार में पूर्वान्ह 12 बजे से शुरू होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त रिटर्निंग आफीसर एवं तहसीलदार तथा नोडल आफीसर डाकमत पत्र वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने बताया कि जिला स्तर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त नोडल आफीसर अपनी-अपनी जानकारियों के साथ-साथ नियत स्थल व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

# तेज आंधी व बारिस के कारण लाइने फाल्ट हुई एक सैकड़ा से अधिक खंबे टूटे







**पिपरिया।** पिछले दिनो तेज आंधी के साथ हुई बारिस के कारण 33 केव्ही व 11केव्ही की लाइने फाल्ट हुई। वही खंबे व ट्रांसफार्मर तक गिर गये। विद्युत वितरण कम्पनी की टीम उपमहाप्रबंधक के निर्देशन में लाइनो को चालू करने का प्रयास कर रही है। कई ग्रामों में तो विद्युत सप्लाई बंद होने से इस भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वही मूंग की बोनी होने के बाद पानी देने की स्थितियां भी आ गई है परंतु विद्युत सप्लाई न होने से कई ग्रामो में किसान मूंग में पानी देने के लिये परेशान दिखाई दे रहे है। पिपरिया विद्युत वितरण कम्पनी के उपमहाप्रबंधक के क्षेत्र में खापरखेडा, साडिया, हथवांस, तरोनकला,खैरीकला,बनवारी,राईखेडी,बन खेडी,चांदौन सहित आसपास के लगभग 1 दर्जन ग्रामों में 125 से अधिक खंबे टूटे है वही एक दो स्थानो पर तो ट्रांसफार्मर तक गिर गये है। चांदौन में 33 केव्ही लाइन भी प्रभावित हुई है।

किसानो के बताये अनुसार तेज आंधी व बारिस के कारण गिरे हुए खंबो को विद्युत वितरण कम्पनी ठीक करने ग्रामों में पहुंच रही है परंतु यदि इसी प्रकार की धूप व गर्मी रही तो मूंग में पानी की तत्काल आवश्यकता है। ऐसी दशा में फसल प्रभावित हो सकती है। विद्युत वितरण कम्पनी के उपमहाप्रबंधक पीयूष मंडराह ने बताया कि हमारे क्षेत्र में तेज आंधी व पानी के कारण 33 केव्ही लाइन दो जगह व 11केव्ही लाइने लगभग एक दर्जन ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावित हुई,107 खंबे टूटने की भी जानकारी आई है। चांदोन वितरण केन्द्र के अंतर्गत खंबे गिरने की सूचना मिलते ही 24 घंटे में सप्लाई शुरू कराई है जहां जहां से शिकायते आई है वहां तत्काल टीम भेजी गई है अभी भी लगातार कार्य चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीड़ित कलाकार ने की अपील

**सनावद।** पूर्व में भी निर्वाचन के तहत अनेक आयोजन हुए। लेकिन इस बार नगर पालिका द्वारा स्वीप प्लान के तहत निकाली गई रैली विभिन्न मार्गो से होते हुए नगर पालिका पहुंची। जहां रैली के पूर्व रैली के बाद नुक्क ड़ नाटक का मंचन किया गया। जिसमें इंदौर के तिवारी ग्रुप के कलाकारों ने अलग-अलग नाटकों के माध्यम से समझाकर नागरिकों से मतदान करने की अपील की। ग्रुप के मेंबर सिंधु तिवारी जो कैंसर से पीड़ित है। उन्होंने इस बीमारी से लड़ते हुए भी नाटक के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से नागरिकों को मतदान करने की अपील करते हुए कहां की में इस बीमारी से लड़ रही है। लेकिन फिर भी मतदान जैसे कार्य के लिए अपनी बीमारी भूलकर नागरिकों को जागरूक करने के लिए नुक्क ड़ नाटक को माध्यम बनाया।

### कसरावद विधायक यादव का एक दिवसीय दौरा

**सनावद।** कांग्रेस नेता एवं कसरावद विधायक सचिन यादव एक दिवसीय दौरे पर क्षेत्र में आएंगे। जहां वह ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर में होने वाले आयोजनों में शामिल होंगे। इस दौरान स्थानिक कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस प्रवक्त ा विवेक विद्यार्थी ने बताया कि कसरावद विधायक सचिन यादव एक दिवसीय दौरे के तहत बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आएंगे। श्री यादव सुबह 10 बजे से लेकर 12 तक टोकसर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होंगे। 12:30 बजे ग्राम खंगवाड़ा 1:30 बजे बांगरदा और 2:30 बजे भोमवाड़ा में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। श्री यादव शाम 4:00 बजे नगर में निकलने वाले राम जन्मोत्सव समिति के चल समारोह में शामिल होंगे। यहां वह स्थानिक कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। इस दौरान श्री यादव के साथ स्थानीय नेता एवं जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### पर्यावरण जागरूकता व वृक्षारोपण पर कार्यक्रम हुआ



**पिपरिया।** सीएम राइज आरएनए विद्यालय में ईको क्लब के अंतर्गत ग्रीन गारडियन क्लब द्वारा पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण पर कार्य म का आयोजन किया। सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य संजीव दुबे के निर्देशन में क्लब के प्रभारी राजकिशोर पटेल द्वारा पर्यावरण की वर्कशाप आयोजित की गई जिसमें अतिथि के रूप में राजेश पटेल वनविभाग से उपस्थित हुए। आपके द्वारा छात्रों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उपाय बताते हुए कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम सब सुरक्षित व स्वस्थ रहेगे। साथ ही पर्यावरण के साथ छेड़छाड करने से होने वाले खतरो से भी अवगत कराया। इस दौरान ज्ञानेन्द्र हरदेनिया,मनीष जैन,राजेश शर्मा,अर्चना शर्मा,शिवानी सहित स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### समनापुर में आठ दिन से विद्युत सप्लाई बंद

**पिपरिया।** पचमढी रोड क्षेत्र के ग्राम समनापुर में 8 दिन से



विद्युत सप्लाई बंद ग्राम में पीने के पानी तक के लिये ग्रामीण परेशान। समनापुर ग्राम के ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम की डीपी पिछले तीन माह में चार बार जल चुकी है। ग्राम में एक मात्र डीपी है जिसके बार बार जल जाने से विद्युत सप्लाई प्रभावित होती है जिसके कारण ग्राम में रात्रि में अंधकार छा जाता है। वही पीने के पानी का भी संकट उत्पन्न होता है,नल जल योजना भी बंद पडी हुई है।दिनेश पटेल ने कहा कि इस संबंध में विद्युत वितरण कम्पनी को भी शिकायत की जा चुकी है।

# नलकूप खनन करने पर दो वाहन जप्त

**सनावद।** मार्च के महीने से नलकूप पर रोक लगाई जाती है। साथ इसके लिए सक्षम अधिकारी की अनुमति लेना अनिवार्य है। लेकिन क्षेत्र में बिना अनुमति के नलकूप खोदे जा रहे थे। ऐसे ही बिना अनुमति के नलकूप उत्खनन की सूचना ग्राम बासवा से आई। जहां पर नलकूप खनन करने पर दो वाहन जप्त किए गए। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर द्वारा थाने में आवेदन देकर कार्यवाही की बात कही। क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु के पहले जमीन के जलस्तर को किसी प्रकार का नुकसान ना हो इसको लेकर कलेक्टर द्वारा निर्धारित समय अवधि में नलकूप के खनन की अनुमति दी जाती है। लेकिन मार्च से जून तक के समय के लिए जिलाधीश एवं वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति लेना पड़ती है। लेकिन क्षेत्र में कुछ बोरवेल संचालक बिना अनुमति के ही धड़ले से बोरवेल कर जहां शासन की अनुमति के बिना कार्य कर रहे हैं। वहीं जल स्तर को भी नुकसान पहुंचा रहे थे। ऐसी सूचना मिली कि ग्राम बासवा में निजी प्लांट में नलकूप हो रहा है। इसकी सूचना के बाद पुलिस ने दो वाहन थाने में अपनी अभीरक्षा में खड़े करवाए। जहां पर उक्त मामले में प्रकरण दर्ज कर मामले के आगे कार्रवाई शुरू की। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कलेक्टर खरगोन के आदेश क्रमांक 1191/ पेयजल प्रकोष्ठ 2024 खरगोन दिनांक 15 मार्च के पालन में निर्देश प्राप्त हुए थे। कि दिनांक 15 मार्च से 30 जून तक बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के जिले में किसी भी क्षेत्र में नलकूप खनन प्रतिबंधित रहेगा। इसके बावजूद ग्राम बासवा में पटवारी हल्का नंबर 47 के खसरा क्रमांक 197/ 21 रकबा में भूस्वामी द्वारा इंदौर रोड पर अपनी जमीन पर निजी उपयोग के लिए बोरिंग मशीन क्रमांक जीके 03 एल 8752 एवं जीजे 03 एल 2756 के द्वारा अवैध रूप से नलकूप उत्खनन पाए जाने पर चालक ईश्वर पिता धुलाजी निवासी पोस्ट खेरवाड़ा जिला उदयपुर राजस्थान एवं रमेश पिता लांजी भील निवासी पाली 16 डुंगरपुर राजस्थान का होना बताया। उक्त चालको को उत्खनन के संबंध में अनुमति नहीं होना बताया तथा आदेश का लोगों करने से मौके पर ही बोर करने की मशीन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज कर पंचनामा बनाकर दिनेश पिता नंदू निवासी बासवा ग्राम कोटवार एवं कमलेश पिता कड़वाजी जाति गुर्जर निवासी बासवा के समक्ष राजस्व पटवारी विकास बडीया द्वारा मौके पर जप्त कर पंचनामा तैयार किया गया। तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का इंजीनियर रोहित ठाकुर भी मौके पर उपस्थित रहा। दोनो वाहनों पर कार्यवाही के लिए सनावद थाने में आवेदन दिया जिस पर आगे की कार्रवाई पुलिस के द्वारा की जाएगी। कार्यवाही के दौरान थाने से एएसआई एसपी वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। सूचना पर ग्राम बसवा से बिना अनुमति बोरवेल करते दो वाहनों को पुलिस थाने में अभिरक्षा में खड़ा किया था। जहां पीएचई द्वारा दिए गए आवेदन के बाद कार्रवाई होगी।

# जिले के हर जगहों में मनाया गया चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व

**उमरिया।** पूरे देश में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां अंतिम दौर में है. धार्मिक मान्यता है कि नवरात्रि के 7 दिनों में मां जगत जननी जगदंबा धरती पर आकर अपने भक्तों के बीच में रहती है. सनातन धर्म में वैसे तो चार नवरात्रि मनाई जाती है, जिनमें से दो गुप्त नवरात्रि होती हैं और एक शारदीय तथा एक चैत्र नवरात्रि होती है. चैत्र नवरात्रि की शुरुआत इस बार 9 अप्रैल से हो रही है, जो कि 17 अप्रैल तक चलेगी। उमरिया जिले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष बड़े हर्षोल्लास पूर्वक हर जगहों हर मंदिरों में चैत्र नवरात्रि पावन त्यौहार मनाया गया जिसमे सभी श्रद्धालुजन ने अपना सहयोग प्रदान किया एवं जगह जगह में कार्यक्रमों का आयोजन किया एवं आज चैत्र नवरात्रि का 9 दिन है जिसमे सभी श्रद्धालुजन ने जवारे विसर्जन जुलूस निकाला गया। वहीं जिले के विरसिंहपुर पाली में मां बिरासनी जी के मंदिर में बहुत अधिक श्रद्धालुजन उपस्थित होकर चैत्र नवरात्रि महोत्सव के साथ आज जवारे विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।जिले के बिरसिंहपुर पाली आदिशक्ति माता बिरासिनी मां के मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर पूरे 9 दिन तक पूजा अर्चना के बाद आज चैत्र नवरात्रि का भव्य समापन होगा जिस मौके पर नगर के मां बिरासिनी दरबार से ऐतिहासिक जवारा जुलूस निकलेगा शक्तिपीठ मां बिरासिनी मंदिर का विशाल चल जवारा जुलूस आज भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सैया 4ः00 बजे निकाला जाएगा।

# खरगोन रोड स्थित दो दुकानों में अज्ञात कारण से आग लगने लाखों रुपए का नुकसान



**सनावद।** नगर के खरगोन रोड स्थित दो दुकानों में अज्ञात कारण से आग लग गई। इसके बाद वहां पर लाखों रुपए के नुकसान की संभावना दुकान संचालक द्वारा जताई जा रही है। मौके पर नगर पालिका के फायर और दमकल ने आग बूझाकर बढ़ती हुई आग को रोकने का कार्य किया। खरगोन रोड स्थित आद्रिक ई बाइक और सुविधा फर्नीचर पर अज्ञात कारण से आग लग गई। आग से फर्नीचर दुकान में करीब चार लाख से अधिक के फर्नीचर जल गए। ई बाइक की दुकान पर 12 से अधिक बाइक जलने से नुकसान हुआ। दुकान संचालक अमन झारोला ने बताया कि अज्ञात कारण से लगी आज के बाद तेज धुआं उठने लगा। और बाइक धू धूकर जलने लगी। नागरिकों की सूचना के बाद नगर पालिका के दमकल और टैंकर मौके पर पहुंचे। जहां करीब 30 मिनट तक दोनों दुकानों के हिस्से से पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया। दुकान संचालक ने बताया कि इस दौरान करीब 12 से अधिक ई बाइक कीमत 14 लाख रुपए जलकर पूरी तरह खाक हो गई। घटना के समय नगर पालिका के दमकलकर्मियों के साथ आम नागरिकों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया। घटना की सूचना के बाद थाने से एसआई करणसिंह डाबर एएसआई एसपी वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं नपा के फायर के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान देखने वाले लोगो की भारी भीड़ जमा हो गई।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद शहडोल द्वारा सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** ब्राह्मणों के हित में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद शहडोल द्वारा प्रधानमंत्री के नाम पर एक ज्ञापन को सौंपा गया। समस्त ब्राह्मण के हित में 5 बिंदुओं पर केंद्रित सौंपे गये ज्ञापन माग किया गया कि आरक्षण प्रकिया में संशोधन किया जावे.. यह केवल ब्राहम्ण समाज के लिए ही नहीं पूरे सवर्ण समाज को पीछे धकेलने का कार्य कर रहा है। जिस परिवार को एक बार इसका लाभ मिल जाये उन्हें दोबारा प्राप्त ना हो ताकि दूसरी बार किसी दूसरे को लाभ मिल सके ।वर्तमान में मध्यप्रदेश में एससी, एसटी और ओबीसी को मिलाकर कुल 50त्न आरक्षण दिया जा रहा है, बाकि अन्य राज्यों में कुछ में समान, तो कुछ में इससे भी अधिक आरक्षण लागू है। जिस प्रकार बचे हुए 50त्न में सवर्ण वर्ग से सरकार ने 10त्न ईडब्लूएस के नाम पर गरीब खोज लिए उसी प्रकार एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग में से भी उन्हें मिल रहे आरक्षण प्रतिशत के आधार पर गरीब की खोज की जानी चाहिए और जिन मापदण्डों तथा नियमों को ईडब्लूएस में लागू किया गया है उन्हीं मापदण्डों तथा नियमों को उन्हें मिलने वाले आरक्षण प्रतिशत पर लागू किया जाये। ज्ञापन में कहा गया कि एक्ट्रोसिटी एक्ट में संशोधन किया जावे.... इसमें भी प्राया यह देखने में आ रहा है प्रताड़ना कम इस एक्ट का दुरुपयोग अधिकांशतः होने लगा है, यहां तक कि इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाया जाने लगा है जो निश्चित ही चिंता का विषय है ।यह एक्ट कड़ाई से लागू हो लेकिन किसी भी प्रकरण में पहले प्रकरण की विवेचना हो इसका दुरुपयोग रोकने के लिए इसके अंतर्गत एक संशोधन आदेश जारी किया जाये । प्राय÷ देखने में आता है कि इसके लाभार्थी द्वारा किसी को आरोपी बनाया जाता है उस लाभार्थी को तत्काल शासन अलग-अलग प्रकरण में अलग-अलग आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाता है और आरोपी पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया जाता है, परन्तु कुछ वर्षों के बाद आरोपी को न्याय पालिका दोषमुक्त कर देती है। इसका कारण दो ही हो सकतें है।

# सनावद में पदस्थ फॉरेस्ट गार्ड की बेटी का यूपीएस में चयन



**सनावद।** जिले के सनावद में पदस्थ फॉरेस्ट गार्ड की बेटी का यूपीएस में चयन हुआ है। उसने ढाई साल की उम्र में अपनी किताबें इस सवाल के साथ वापस कर दी थी कि पढ़ाई लिखाई से क्या होता है? सनावद में पदस्थ फॉरेस्ट गार्ड अवधेश कुमार त्रिपाठी की पुत्री निमिशी त्रिपाठी ने क्क्रस्ष्ट के रिजल्ट में 368वां स्थान प्राप्त किया है। इसके पहले 2020 में उनकी 622 वीं रैंक थी। फॉरेस्ट गार्ड अवधेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने बड़ी कठिनाई से दो कमरों में अपनी दोनों पुत्रियों का पालन पोषण किया। निमिशी ने कक्षा 12 तक सनावद में पढ़ाई किया। उसके बाद वह इंद्रप्रस्थ विमेंस कॉलेज दिल्ली से ग्रेजुएट हुई।

**ढाई साल में किताबों से बना ली थी दूरी :** 2020 में कोरोना काल में निमिशी ने घर पर रहकर पढ़ाई की और उसकी क्क्रस्ष्ट में 622वीं रैंक बनी। उसका ढ्ढष्टस्न (इंडियन सिविल अकॉउंट्स सर्विस) में सिलेक्शन हुआ। वह फिलहाल वित्त मंत्रालय दिल्ली में पदस्थ है। उन्होंने बताया कि ढाई साल की उम्र में जब उसे केजी वन में भर्ती कराया गया था, तब दूसरे ही दिन उसने किताबें वापस कर दी थी, और स्कूल जाने से इनकार कर दिया था। उसने पूछा था कि पढ़ाई करने से क्या होता है?

**ऐसा मिला जवाब की बदल दी पूरी लाईफ -** जवाब में जब उसे यह बताया गया कि पढ़ाई करने से कलेक्टर बनते हैं, और सभी लोग उसका आर्डर मानते हैं। इसके बाद वह स्कूली जीवन में हमेशा कलेक्टर बनने का सपना देखते रही। कक्षा 12 में वह खरगोन जिले में टॉपर थी। उन्होंने बताया कि आईएफएस अधिकारी संजय शुक्ला के मार्गदर्शन में उसने दोनों बार यूपीएससी क्रैक की है। उसका इकोनामिक वीकर सेक्शन से चयन हुआ है। उन्होंने उम्मीद की कि इस रैंक से अब वह ढ्डस्, ढ्ढक्क- या ढ्ढस्नस् बन सकती है।

**पिता हैं फॉरेस्ट गार्ड :** निमिषी त्रिपाठी ने अपने अब तक के सफर में अपने माता-पिता की अहम भूमिका के बारे में बात की। उन्होंने अपने माता-पिता को अपनी प्रेरणा का स्त्रोत माना और यूपीएससी की सफलता का श्रेय पूरी तरह से उनके सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि मुझे उनसे प्रेरणा मिलती है।

# सहकारी समिति केन्द्रों का 2788 क्विलंटल गेंहू रिजेक्ट होने पर प्रशासनिक अधिकारी सख्त हुए





**पिपरिया।** समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी में पिपरिया क्षेत्र के सहकारी समिति केन्द्रों पर 2788 क्विंटल परिवहन के बाद रिजेक्ट होने पर प्रशासनिक अधिकारियों में हडकम्प मचा। सहकारी समिति प्रबंधको को एफक्यू माल खरीदने सख्ती से निर्देश दिये। पिपरिया सहकारी समितियों के 14 केन्द्रों पर 44 हजार 416 क्विंटल की खरीदी हुई है जिसमें 24 हजार 300 क्विंटल परिवहन हुआ। इस परिवहन में 1788 क्विंटल 3 सहकारी समितियों का रिजेक्ट हुआ। सहकारी समिति देवगांव पिपरिया का 1590क्विंटल,सहकारी समिति रामपुर का 530क्विंटल,सहकारी समिति तरौनकला वाहेगुरू वेयर हाउस का 668 क्विंटल नान एफएक्यू होने पर रिजेक्ट हुआ है।एसडीएम संतोष तिवारी,फुडइंस्पेक्टर मनोज शुक्ला,राजेन्द्र श्रीवास्तव सहित एफएक्यू समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सख्ती से समिति प्रबंधको को निर्देश दिये गये है कि एफएक्यू गुणवत्ता का ही गेंहू खरीदा जावे। किसानो से भी चर्चा कर किसानो को समझाईश दी गई है कि उपज की साफ सफाई करके ही केन्द्रों पर लावे। पिपरिया के साडिया केन्द्र,बनखेडी के मछेराकला, सुरेला रंधीर,सेमखेडा,चांदोन,समनापुर आदि केन्द्रों पर पहुंच एसडीएम ने सख्त रूख अपनाया है। बनखेडी में खरीदी- बनखेडी में समर्थन मूल्य पर अभी तक 2लाख 172 क्विंटल की खरीदी हुई है जिसमें 2लाख 71 हजार 728 क्विंटल का परिवहन हो गया,8हजार 443 क्विंटल का परिवहन शेष है। 19 केन्द्रों में 9केन्द्रो की खरीदी साइलो जुन्हेटा में हो रही है। केन्द्रों की सख्या को देखते हुए परिवहन बहुत कम रह गया है जबकि पिपरिया में 14 केन्द्रों पर 20हजार 116 क्विंटल परिवहन शेष है।

आतंकी संगठन ने की मौतों की पुष्टि

## लेबनान में आईडीएफ ने हिजबुल्ला के तीन लड़ाके मार गिराए



**तेल अवीव। ईरान-इस्राइल संघर्ष के बीच इस्राइली सुरक्षा बल ने बताया कि उन्होंने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के दो कमांडर समेत तीन लड़ाके मार गिराए हैं। आईडीएफ की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि राडवान बलों के पश्चिमी क्षेत्र के रॉकेट और मिसाइल यूनिट के कमांडर मोहम्मद हुसैन शाहोरी हवाई हमले में मारा गया।**

आईडीएफ ने कहा, मोहम्मद ने लेबनान की तरफ से इस्राइली क्षेत्र में रॉकेट और मिसाइलों को लॉन्च करने की योजना बनाने में मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा, हिजबुल्ला के रॉकेट और मिसाइल यूनिट का संचालक मोहम्मद इब्राहिम फादल्लाह भी इस हवाई हमले में मारा गया। एक अलग बयान में आईडीएफ ने बताया कि लेबनान के ऐन एबेल क्षेत्र में हिजबुल्ला के तटीय क्षेत्र के कमांडर इस्माइल यूसुफ बज को दक्षिणी लेबनान में मार दिया गया है। हिजबुल्ला ने अपने तीन लड़ाके की मौतों की पुष्टि की है। एक इस्राइली अधिकारी ने कहा कि ईरान के हवाई हमले की जवाबी कार्रवाई करने के लिए युद्ध कैबिनेट के साथ जो बैठक हुई थी वह खत्म हो चुकी है।

सूत्रों ने इस बैठक से जुड़ी अन्य जानकारी पर कोई बात नहीं की है। ईरान के हमले के बाद स्थानीय समयानुसार 12:30 बजे युद्ध कैबिनेट के साथ बैठक शुरू हुई थी। इस्राइल के सहयोगियों और क्षेत्रीय नेताओं ने संयम बरतने का आह्वान किया था, जिससे कि तेल अवीव में ईरान के हमले का बदला लेने की योजना बनाई जा सके।

भारत आने-जाने वाली 28 उड़ानें रद्द

## भारी बारिश के कारण दुबई एयरपोर्ट जलमग्न

**दुबई। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण पूरा शहर जलमग्न हो गया है। मंगलवार को भारी बारिश के कारण दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में भी जलभराव हो गया। बाढ़ के हालात को देखते हुए दुबई जाने वाली 15 और भारत आने वाली 13 उड़ानों (कुल 28 उड़ानों) को रद्द कर दिया गया। यात्रियों को दुबई एयरपोर्ट पर नहीं आने की चेतावनी दी गई है। बता दें कि दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को दुनिया के सबसे व्यस्त एयर हब के तौर पर जाना जाता है।**



यात्रियों को चेतावनी दी गई है कि जब तक बेहद जरूरी न हो वे दुबई एयरपोर्ट न आएं। दुबई एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने कहा कि विमान सेवाओं का डायवर्ट होना जारी है। हम जल्द से जल्द एयरपोर्ट को फिर ठीक से संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण है।

भारी बारिश के कारण उड़ान संचालन में देरी हुई या उड़ानों को रद्द किया गया। दुबई एयरपोर्ट पर आमतौर पर एक सामान्य शाम में करीबन 100 विमानों का आगमन होता है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण वहां जिस तरह के हालात हैं, उसके चलते उड़ानों को डायवर्ट किया गया। भारी बारिश ने इस हलचल वाले शहर में आम जनजीवन से जुड़ी गतिविधियों को पूरी तरह से ठप कर दिया।

भारी बारिश के कारण दुबई की सड़कों को नुकसान हुआ है, विभिन्न घरों की छतों, दरवाजों और खिड़कियों से पानी रिसने लगा। तूफान का प्रभाव दुबई से आगे तक फैल गया है। पूरे संयुक्त अरब अमीरात के साथ पड़ोसी देश बहरीन भी बाढ़ में डूब गया। मौजूदा स्थिति को देखते हुए संयुक्त अरब अमीरात में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। दूसरी तरफ बारिश और तूफान के कारण ओमान में अबतक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। बहरीन में भी तूफान के कारण स्थिति खराब हो गई है।

इस्राइल पर हमले के बाद उठाया कड़ा कदम

## ईरान के मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों पर नए प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका



**वाशिंगटन। ईरान द्वारा इस्राइल पर हमले के बाद से पश्चिमी एशिया में तनाव और बढ़ गया है। ईरान की इस हमले की कई देशों ने व्यापक निंदा की है। हालांकि ईरान ने अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा है कि उसने इस्राइल द्वारा सीरिया में अपने दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया है। इसी बीच, अमेरिका ने कहा है कि वह ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगाएगा।**

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि अमेरिका ईरान के मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों पर नए प्रतिबंध लगाएगा इसके अलावा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और ईरान के रक्षा मंत्रालय का समर्थन करने वाली संस्थाओं पर भी आने वाले दिनों में नए प्रतिबंध लगाए जाएंगे। सुलिवन ने ताजा बयान में कहा कि इस्राइल के खिलाफ ईरान के हवाई हमले के बाद राष्ट्रपति बाइडन जी7 सहित सहयोगियों और भागीदारों और कांग्रेस में द्विदलीय नेताओं के साथ व्यापक प्रतिक्रिया पर समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान को निशाना बनाते हुए कई तरह के प्रतिबंध लगाएगा। जेक ने अपील करते हुए कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों से भी ईरान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की उम्मीद करता है। अमेरिका ईरान की मिसाइल और यूएवी क्षमताओं की प्रभावशीलता को और कम करने के लिए मध्य पूर्व में वायु और मिसाइल रक्षा और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को और मजबूत करने के लिए अपना कान जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारे सहयोगी जल्द ही प्रतिबंधों का पालन करेंगे। अपने ताजा बयान में उन्होंने यह भी कहा कि हम वायु और मिसाइल रक्षा के सफल एकीकरण को और मजबूत करने और विस्तारित करने के लिए रक्षा विभाग और अमेरिकी सेंट्रल कमांड के जरिए काम कर रहे हैं और हम इसे आगे भी जारी रखेंगे।

## भारत-उज्बेकिस्तान के सेना प्रमुख की बैठक, हाईटेक लैब का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** भारत के सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने 15-18 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान की यात्रा पर गए हैं। इस दौरान उन्होंने उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में उच्च तकनीक आईटी प्रयोगशाला का उद्घाटन भी किया।

दरअसल भारत और उज्बेकिस्तान अपने संबंधों को मजबूत के दिशा में प्रयास कर रहा है। उसी कोशिश में दोनों ही देशों के सेना प्रमुख की बैठक आयोजत हुई। इस दौरान कई विषयों पर चर्चा की गई। बता दें कि सितंबर 2018 में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक हो चुकी थी। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि रक्षा मंत्रियों की बैठक दोनों देशों के रक्षा सहयोग के लिए मील का पत्थर होगी। उन्होंने कहा कि बताया कि रक्षा मंत्रियों की बैठक में आईटी लैब स्थापना पर चर्चा की गई थी। 2019 में इस योजना को मंजूरी मिली।

विदेश मंत्रालय की यूरेशिया की सहायता के माध्यम से स्वीकृत किया गया। लैब की स्थापना को लेकर 6.5 करोड़ से अधिक का बजट का प्रस्ताव भेजा गया था। बाद में इसके लिए 8.5 करोड रूपये आवंटित किए गए। इस लैब को बनाने के लिए भारतीय फर्म को कांट्रैक्ट मिला था। समय से इसे पूरा कर दिया गया।

## गूगल दफ्तर में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन, इस्राइली सेना और सरकार के साथ सभी संबंध तोड़ने का दबाव

**वाशिंगटन।** इस्राइल और हमास के बीच छिड़ी जंग का असर गूगल दफ्तर में भी दिखाई दिया। दरअसल, गूगल के कई कर्मचारियों ने मंगलवार को कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क स्थित परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। वे गूगल और इस्राइली सरकार के साथ काम करने से खफा हैं। गूगल क्लाउड के सीईओ के ऑफिस में करीब आठ घंटे प्रदर्शन हुआ, बावजूद इसके जब वे नहीं हटे तो पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रदर्शन का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पूरे विरोध का मुख्य कारण प्रोजेक्ट निंबस है, जो 2021 में गूगल और इस्राइल सरकार के बीच हस्ताक्षर किया गया था। एआई अनुबंध प्रोजेक्ट की लागत एक अरब डॉलर है। मंगलवार को कर्मचारियों के एक समूह ने गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन के ऑफिस को घेर लिया। उन्होंने आठ घंटे तक लगातार प्रदर्शन किया था। उन्होंने अपने प्रदर्शन की लाइव स्ट्रीमिंग भी की। रात होते ही कंपनी के एक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि उन्हें प्रशासनिक छुट्टी पर भेज दिया गया है।

## फौज की मदद से जीती, तो कोर्ट में हार रही नवाज शरीफ की पार्टी, गई दो सांसदों की कुर्सी



**लाहौर।** पाकिस्तान में सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज को बड़ा झटका लगा है और उसे नेशनल असेंबली में दो सीटें गंवानी पड़ी हैं। दरअसल लाहौर हाईकोर्ट की पीठ ने पाकिस्तान पंजाब के गुंजरावाला और लोधरान से विजेता घोषित किए गए दो सांसदों के जीत का नोटिफिकेशन पर रोक लगा दी है। लाहौर हाईकोर्ट के जस्टिस शाहिद करीम ने मंगलवार को यह आदेश दिया, जिसके तहत गुंजरावाला सीट से पीएमएलएन के सांसद अजहर कयूम नाहरा के निर्वाचन के खिलाफ पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चौधरी बिलाल इजाज को विजेता घोषित किया गया। इजाज के वकील ने बताया कि उसके मुवक्किल को पहले 7,791 वोटों से विजेता घोषित किया गया था, लेकिन चुनाव आयोग ने नाहरा की अपील पर फिर से वोटों की गिनती की, जिसमें पीएमएलएन नेता नाहरा को 3,100 वोटों से विजेता घोषित किया गया। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के वकील ने बताया कि वोटों की दोबारा गिनती में करीब 10 हजार वोटों को कैंसिल किया गया। जस्टिस करीम ने कहा कि पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती दोबारा करना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। वहीं लाहौर हाईकोर्ट की बहावलपुर बेंच ने पीएमएलएन के सांसद अब्दुल रहमान कानजु के निर्वाचन को रद्द करके पीटीआई समर्थित निर्दलीय राना फराज नून को विजेता घोषित किया।

## चुनाव आयोग ने बंगाल के राज्यपाल के कूच बिहार दौरे को रद्द करने की दी सलाह

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को चुनाव आयोग ने 18 और 19 अप्रैल को कूच बिहार का अपना दौरा रद्द करने की सलाह दी है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा। चुनाव आयोग ने कहा कि प्रस्तावित दौरा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। पहले चरण के मतदान से पहले 48 घंटे की मौन अवधि बुधवार शाम से लागू होगी। मौन अवधि उस समय को संदर्भित करती है जब राजनीतिक दलों को मतदान तिथि से पहले प्रचार करने से रोक दिया जाता है। आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के तहत राज्यपाल के लिए उनके जारी कार्यक्रम में प्रस्तावित कोई भी स्थानीय कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकता है. पीटीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि आयोग ने यह भी नोट किया है कि 18 और 19 अप्रैल के दौरान पूरा जिला प्रशासन और पुलिस बल चुनाव प्रबंधन में व्यस्त रहेगा। 2024 के लोकसभा चुनाव अप्रैल से जून तक सात चरणों में होंगे। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल और सातवें चरण का मतदान 1 जून को होगा. वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

## आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले आप का रामराज्य वेबसाइट लॉन्च की



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपने अभियान के तहत बुधवार को अपनी आप का रामराज्य वेबसाइट लॉन्च की, जिसका उद्देश्य पार्टी के राम राज्य के दृष्टिकोण को चित्रित करना है। कार्यक्रम के दौरान पार्टी द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में भगवान राम के आदर्शों को मूर्त रूप देने के दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रयासों पर जोर दिया गया। वेबसाइट का लॉन्च रामनवमी उत्सव के साथ हुआ और लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले हुआ, जिसका पहला चरण शुक्रवार, 19 अप्रैल को होना है। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वेबसाइट पार्टी की सरकारों की उपलब्धियों के साथ-साथ आप की राम राज्य की व्याख्या को प्रदर्शित करेगी।

## पीएम सुनक ने बेंजामिन नेतन्याहू से की बात, इस्राइल की सुरक्षा के लिए ब्रिटेन के समर्थन की बात दोहराई



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को अपने इस्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सप्ताहांत में ईरान के हमले के बाद इस्राइल की सुरक्षा के लिए ब्रिटेन के समर्थन की बात दोहराई। ब्रिटेन के पीएम ने कहा कि तनाव के और ज्यादा बढ़ने से क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ेगी।

एक्स पर एक पोस्ट में, ऋषि सुनक ने कहा, आज पहले, मैंने प्रधान मंत्री नेतन्याहू से बात की और बीते वीकेंड पर ईरान के लापरवाह हमले के बाद इस्राइल की सुरक्षा के प्रति अपना समर्थन दोहराया। तनाव में वृद्धि केवल क्षेत्र में अस्थिरता को गहरा करेगी। यह शांत रहने का समय है।

वार्ता के दौरान, सुनक ने कहा कि ईरान ने बहुत बुरी तरह से अनुमान लगाया और जी-7 की राजनीतिक पहल के बाद अलग-थलग पड़ गया। । उन्होंने जोर देकर कहा कि तनाव में वृद्धि केवल मध्य पूर्व में असुरक्षा को गहरा करेगी। उधर, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार को ईरान के लापरवाह और खतरनाक हमले के बाद तेजी से और मजबूत समर्थन के लिए ब्रिटेन को धन्यवाद दिया। गाजा पर, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि वह मानवीय संकट के गहराने के बारे में गंभीर रूप से चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन महत्वपूर्ण आपूर्ति के साथ गाजा तक सहायता पहुंचाने में बड़े पैमाने पर बदलाव देखना चाहता है। इनमें इस्राइल की ओर से जल्द से जल्द नए सहायता मार्ग खोलना शामिल है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, यह बहुत निराशाजनक था कि हमास ने सप्ताहांत में एक समझौते पालन नहीं किया जो फिलिस्तिनियों को बचाव जीवन को बचा सकता था और बंधकों की सुरक्षित रिहाई को सुरक्षित कर सकता था।

रामेश्वरम कैफे विस्फोट तो केवल ट्रेलर था!

## बेंगलुरु के आईटी पार्कों को धमाके से उड़ाना चाहते थे संदिग्ध



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु रामेश्वरम कैफे विस्फोट के सिलसिले में अब्दुल मतीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाज़िब की गिरफ्तारी के बाद, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कुछ चौंकाने वाले विवरण उजागर किए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दोनों ने शुरू में कहीं अधिक विनाशकारी हमले की योजना बनाई थी। उनकी नजर महादेवपुरा-व्हाइटफील्ड क्षेत्र में आईटी पार्कों पर थी, जिसका लक्ष्य एक बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी को निशाना बनाना था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों एक बड़े आईटी धमाके से विदेशी निवेशकों को डराकर भारतीय अर्थव्यवस्था को पंगु बनाना चाहते थे। हालांकि, एनआईए ने खुलासा किया कि इन आईटी पार्कों में सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड सहित मजबूत सुरक्षा उपायों ने हमलावरों को रोक दिया।

ममता बनर्जी की पाप्टी ने जारी किया पार्टी का घोषणापत्र

## सीएए कानून होगा रद्द, यूसीसी नहीं होगा लागू




**नई दिल्ली।** चुनाव का पहला चरण शुरू होने से दो दिन पहले बुधवार को तृणमूल कांग्रेस ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। पहले चरण में कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी में मतदान होगा। घोषित 10 वादों में पार्टी संयोजक ममता बनर्जी का बार-बार दोहराया गया आश्वासन शामिल है कि बंगाल में कोई नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) नहीं होगी। घोषणापत्र में सीएए को खराब बताया गया और कहा गया कि इसे खत्म कर दिया जाएगा और एनआरसी को बंद कर दिया जाएगा। तृणमूल नेताओं ने केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को तृणमूल के समर्थन पर जोर देते हुए कहा कि इंडिया ब्लॉक के हिस्से के रूप में केंद्र में सरकार बनने के बाद वादे पूरे किए जाएंगे, हालांकि राज्य में कोई गठबंधन नहीं है।

## गाजा में अल-मगाजी शरणार्थी शिविर पर हमले में 13 की मौत, कई घायल, मरने वालों कई बच्चे भी शामिल



**गाजा।** इस्राइल और गाजा के बीच संघर्ष थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां देखो वहां तबाही का मंजर है, कहीं धमाकों की गूंज तो कहीं चीख-पुकार सुनाई देती है ताजा मामला मध्य गाजा से सामने आया है, जहां मंगलवार को अल-मगाजी शरणार्थी शिविर को निशाना बनाकर हमला किया गया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार इसमें सात बच्चों सहित कम से कम 13 लोग मारे गए और 25 से अधिक अन्य घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी निहाद औदेतल्लाह से प्राप्त एक ग्राफिक वीडियो में कई हताहत लोग फर्श पर पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। कई लोग घबराहट में इधर-उधर भागते, चिल्लाते और शवों को गिनने और ले जाने की कोशिश करते दिखाई दिए।

शिविर में रहने वाले ओवडेटल्ला ने सीएनएन को बताया कि उन्होंने मंगलवार को दोपहर करीब 3:40 बजे (स्थानीय समयानुसार) अपने से लगभग 30 से 40 मीटर की दूरी पर एक विस्फोट की आवाज सुनी। उन्होंने कहा, मैं तुरंत यह देखने के लिए चला गया कि क्या हुआ, लेकिन जब पहुंचा तो देखा कि जमीन पर शवों के ढेर थे। उन्होंने आगे बताया कि लोग चिल्ला रहे थे और बच्चे जमीन पर मरे पड़े थे। अल-अक्सा शहीद अस्पताल से ली गई फुटेज में आपातकालीन कक्ष में भारी तादाद में मरीज पाए गए। परिवार के सदस्य अपने प्रियजनों के शवों के पास इकट्ठे हो गए, उन्हें पकड़कर रोते दिखाई दिए। इसके अलावा अस्पताल के मुर्दाघर के एक वीडियो में परिवार अपने प्रियजनों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच एक आदमी सफेद बॉडी बैग की ओर इशारा करते दिखाई दिया, जिसमें एक युवा लड़के का खून से सना चेहरा दिख रहा था, वह कहने लगा, यह मेरा बेटा है। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, उनका किसी से कोई लेना-देना नहीं है! वे नागरिक हैं। हम पर दया करो। आप बच्चों को मार रहे हैं। आप किसी सेना या सेनानियों को नहीं मार रहे हैं; आप उन बच्चों को मार रहे हैं जो सड़क पर शांति से खेल रहे थे।

# फिल्म 'दो और दो प्यार' रिलीज के लिए तैयार



बालीवुड की अपकमिंग फिल्म 'दो और दो प्यार' की रिलीज के लिए तैयार हैं। इसमें अभिनेत्री विद्या बालन ने प्रमुख भूमिका निभाई है। एक्ट्रेस अपकमिंग मूवी के प्रमोशन में बिजी हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में एक साक्षात्कार में बताया कि कैसे जब उनके साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने की बात आती थी, जिसमें वो लीड रोल में होती हैं तो मेल एक्टर्स उनके साथ काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखाते।

विद्या बालन ने फीमेल सेंट्रिक फिल्में मेल एक्टर्स की फिल्मों से अधिक रोमांचक क्यों होती हैं? इस पर बोलते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि विद्या बालन की फिल्म या महिला प्रधान फिल्म में अभिनय करना आज भी उनके लिए ठीक होगा। ईमानदारी से कहूं तो यह उनका नुकसान है क्योंकि हम उनसे बेहतर फिल्में कर रहे हैं। मैं वास्तव में उस पर विश्वास करती हूं। वे अधिक फॉर्मूला-बेस्ड फिल्में कर रहे हैं, महिला प्रधान फिल्में कहीं अधिक रोमांचक हैं।' विद्या ने आगे कहा, 'बेशक, लोग सराहना कर रहे हैं, लेकिन मेल एक्टर्स महिलाओं को सेंटर में रखने से असहज हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी को भी गड़गड़ाहट चुराने से उन्हें कोई आपत्ति होगी। लेकिन मुझे कभी बुरा नहीं लगा। मैं ऐसा सोच रही थी कि अगर उन्हें धमकी दी जाती है, तो मैं क्या कर सकता हूं? अपने दशकों लंबे करियर में विद्या ने कई फीमेल सेंट्रिक फिल्में की हैं, जिन्होंने आलोचनात्मक के साथ-साथ व्यावसायिक सफलता भी हासिल की है। उनमें से कुछ फिल्मों में इश्किया, नो वन किल्ड जेसिका, द डर्टी पिक्चर, कहानी, तुम्हारी सुलु, शेरनी और जलसा शामिल हैं। द डर्टी पिक्चर के लिए विद्या को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। दो और दो प्यार में वह प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति के साथ अभिनय करती हैं। शीर्षा गुहा ठाकुरता निर्देशित फिल्म मैरिज और एक्स्ट्रामेरिटल अफेयर के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मडगांव एक्सप्रेस' में नोरा के काम किया जा रहा पसंद



हाल ही में आई फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' में अभिनेत्री नोरा फतेही के काम ने सभी को इंप्रेस किया है। हाल ही में नोरा फतेही ने खुलकर कई मुद्दों पर बात की है। उन्होंने बॉलीवुड के कपल्स के साथ-साथ फेमिनिज्म पर भी अपनी राय पेश की। द रणवीर शो के दौरान नोरा ने फेमिनिज्म यानी नारीवाद को लेकर अपनी सोच सभी के साथ शेयर की। नोरा का कहना है कि उन्हें किसी की जरूरत नहीं है और वह फेमिनिज्म जैसे विचारों पर यकीन नहीं रखती हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि वह चाहती हैं कि महिलाएं काम पर जाए, उनकी भी अपनी जिंदगी हो और इंडिपेंडेंट बने। लेकिन सब कुछ एक लिमिट एक्ट्रेस ने अपनी बात को पूरा करते हुए कहा कि ये जो आइडिया है कि पूरी तरह से इंडिपेंडेंट होना है, शादी नहीं करनी, बच्चे नहीं करने। जिन घरों में आदमी और महिलाओं की उस डाइनैमिक्स को सच नहीं मानते, जहां आदमी प्रोवाइडर होता है और औरत पालन-पोषण करती है। वह इस तरह के लोगों पर विश्वास नहीं करती हैं। नोरा ने आगे कहा कि, उन्हें लगता है कि महिलाएं पालन-पोषण करती हैं, लेकिन उन्हें जाकर काम करना चाहिए और अपनी जिंदगी जीनी चाहिए और इंडिपेंडेंट होना चाहिए। लेकिन ये सब एक हद तक। उन्हें एक मां, एक वाइफ और एक पालन-पोषण का किरदार निभाने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

बिल्कुल वैसे जैसे एक आदमी को प्रोवाइडर, कमाने वाला, एक पिता और पति के तौर पर अपना किरदार निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए। नोरा ने आगे कहा कि काफी लोग इसे पुरानी या पारंपरिक सोच कहते हैं, लेकिन उनके मुताबिक ये सोचने का नॉर्मल तरीका है। बता दें कि मडगांव एक्सप्रेस फिल्म को भले ही अच्छा रिस्पॉन्स न मिला हो, लेकिन सितारों के काम की तारीफ सभी ने की है।

# दमदार एक्टिंग की वजह से यामी को मिल रही तारीफें

## आर्टिकल 370 नेपूरे किए 50 शानदार दिन

हालिया फिल्म आर्टिकल 370 ने विवादास्पद मुद्दे पर अपनी जबरदस्त कहानी के साथ पूरे देश में हलचल मचा दी है। एक्ट्रेस ने फिल्म में जूनी हक्सर के रूप में अपनी एक्टिंग की वजह से हर तरफ से तारीफें पाई हैं, जिससे फिल्म की सफलता और क्रिटिकल एक्लेम में इजाफा हुआ है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है की फिल्म ने अपनी रिलीज के समय से लेकर अब तक, बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है। खूबसूरती से आगे बढ़ते हुए फिल्म ने सिनेमा घरों में 50 शानदार दिन पूरे कर लिए हैं।इस बारे में बात करतें हुए यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया। मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूँ। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।उन्होंने आगे लिखा है, मैं अपनी ऑडियंस की भी बहुत आभारी हूँ कि उन्होंने हमारा यह विश्वास फिर से बनाए रखा है कि वे हमेशा ग्राउंडब्रेकिंग सिनेमा को अपनाएँगे।

एक इंडस्ट्री के रूप में, हमें अपनी क्रिएटिव बाउंड्रीज को आगे बढ़ाते रहना चाहिए और आखिर में, हम दिलों में अपनी जगह बना लेंगे। यामी गौतम ने आर्टिकल 370 में शानदार परफॉर्मेंस दी हैं। कहा जाए तो उन्होंने पूरी फिल्म को अपने कंधो पर उठाए रखा है। साथ ही बात की जाए एक्शन सीक्वेंस और कुछ ड्रामेटिक हिस्सों की तो वह भी निखर कर अच्छी तरह से सामने आएं हैं। बता दें कि आर्टिकल 370 फिल्म को एक्ट्रेस यामी गौतम धर की परफॉर्मेंस ने एक स्तर और ऊपर पहुंचा दिया है। हर कोई उनकी एक्टिंग की तारीफ कर रहे हैं।



# कान्ये वेस्ट ने बियांका सेन्सोरी से शादी रचाई

किम कर्दाशियन से तलाक लेने के बाद कान्ये वेस्ट ने बियांका सेन्सोरी से शादी रचाई। कान्ये को अक्सर बियांका के साथ स्पाट किया जाता है। एक बार फिर इस कपल की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं जो इस समय चर्चा में हैं। इन तस्वीरों के चर्चा में आने की वजह है बियांका सेन्सोरी का स्टाइल। दरअसल,बियांका सेन्सोरी ने एक बार फिर अपनी पूर्व पत्नी किम कार्दशियन को अपनी स्टाइल प्रेरणा के रूप में इस्तेमाल किया। 29 वर्षीय बियांका, 46 वर्षीय रैपर के साथ वेस्ट हॉलीवुड में टाइ डॉला इग्न की जन्मदिन की पार्टी में शामिल हुईं। इस दौरान बियांका व्हाइट कलर की डीपनेक शार्ट ड्रेस में नजर आईं। इस ड्रेस में उनके क्लीवेज साफ दिख रहे थे। बता दें कि किम ने 10 साल पहले अपने 34वें जन्मदिन की पार्टी में लगभग वैसा ही लुक पहना था, जिसमें लो-कट नेकलाइन और स्टेटमेंट शोल्डर थे। बता दें कि कान्ये वेस्ट और किम कर्दाशियन हालीवुड के चर्चित कपल्स में से एक थे। लेकिन अब ये कपल एक्स बन चुका है।



# जिले के 5 लाख 35 हजार 594 मतदाता कर सकेंगे लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग

## 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**अनूपपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा संसदीय क्षेत्र शहडोल हेतु मतदान 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर श्री आशीष वशिष्ठ के दिशानिर्देश में जिले में निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए अनूपपुर, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।**



अनूपपुर जिले में 5 लाख 35 हजार 594 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 2 लाख 69 हजार 492 पुरुष तथा 2 लाख 66 हजार 95 महिला मतदाता तथा 7 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 51 हजार 979 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 76 हजार 587 पुरुष तथा 75 हजार 388 महिला मतदाता तथा 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी तरह 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 80 हजार 538 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 91 हजार 491 पुरुष तथा 89 हजार 45 महिला मतदाता तथा 2 अन्य मतदाता शामिल हैं। 88-पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 3 हजार 77 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें एक लाख एक हजार 414 पुरुष तथा एक लाख एक हजार 662 महिला मतदाता तथा 1 अन्य मतदाता शामिल हैं।

**जिले में बनाए गए 699 मतदान केन्द्र, 3072 मतदान कार्मिकों की तैनातगी :** जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 699 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्र. 01, 02, 03 एवं पी-2 बी (जिन मतदान केन्द्रों में 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां नियुक्त किए गए हैं) के रूप में 3072 मतदान कार्मिक तैनात किए गए हैं। अतिरिक्त रूप से मतदान दल का 10 प्रतिशत रिजर्व दल के रूप में मतदान कार्मिकों की भी ड्यिूटी लगाई गई है।

**जिले में बनाए गए 26 आदर्श मतदान केन्द्र :** जिले में 26 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 5, 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में 10 तथा 88-पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 11 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

**45 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए :** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस पर जिले में 45 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं। जिनमें 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15, 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 तथा 88-पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 10 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं।

**235 मतदान केन्द्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था :** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस पर जिले में 235 मतदान केन्द्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है। जिनमें 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 45, 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 100 तथा 88-पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 90 मतदान केन्द्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है।

# मतदान ड्यूटी वितरण के दौरान यातायात व्यवस्था रखें चुस्त दुरुस्त-प्रभारी यातायात



**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनूपपुर यातायात प्रभारी ने दिनांक18.04.2024 को प्रात:5ः00 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मतदानदलो की ड्यूटी वितरण एवं,वितरण उपरांत दल रवाना होंगे वाहन पॉलिटेक्निक कॉलेज से मत पेटियां एवं सामग्री लेकर जिले के सभी मतदान केंद्रों को रवाना होंगे इस दौरान शहर की यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी।

**पार्किंग :** चंदास नदी पुल के आगे बाईं ओर दोपहिया वाहन पार्किमतदान ड्यूटी में लगे समस्तअधिकारी कर्मचारी जो दो पहिया वाहन से ड्यूटी हेतुआएंगे उनके,वाहन , चंदास नदी पुल सेआगे पॉलिटेक्निक ग्राउंड पार्किंग स्थल में पार्क होंगे। हेलीपैड मैदान चार पहिया वाहन पार्किंग मतदान ड्यूटी मेंआने वाले सभी अधिकारी,कर्मचारियों के चार पहिया वाहन हेलीपैड मैदान में पार्क होंगे।

**प्रतिबंधित मार्ग** – चदासनदी पुल से पॉलिटेक्निक कॉलेज होते हुए अमरकंटक रोड की ओर जाने वाला मार्ग आम यातायात हेतु प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित मार्ग मतदान ड्यूटी हेतु आने वाले समस्त दुपहिया वाहनो का प्रवेश , चंदास नदी की तरफ से होगा तथा समस्त प्रकार के चार पहिया वाहन हेलीपैड तरफ सेआएंगे! तथा ड्यूटी वितरण उपरांत सभी विधानसभा क्षेत्र के वाहनहेलीपैड तरफ से रवाना होंगे!

**नो एंट्री समय परिवर्तन :** शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रात: 6ः00 बजे से प्रतिबंधित रहेगा!

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिमान फ़ाउंडेसन ने मनाया राम नवमी महौत्सव..



**सतना।** राम नवमी महौत्सव के उपलक्ष्य में आज प्रतिमान फ़ाउंडेसन की टीम चित्रकूट पहुँचकर राम घाट में दिये जलाकर एवं दीपदान कर मर्यदापुर्सोतम श्री राम का प्रकट उत्सव मनाया.ये रहे उपस्थित- अनिल शुक्ला,डॉ हेमंत शुक्ला , विपिन सिंह,शिखा पांडेय , अनुप्रिया तिवारी,सचिन त्रिपाठी , अभिजीत पांडेय,शिवम् पांडेय .

### ठेकेदार और इंजीनियर की लापरवाही का दंश झेल रहा स्वास्थ्य केंद्र



**नरसिंहपुर।** नगर में अनेकों निर्माण कार्य प्रस्तावित है जिनके कार्य शुरु किए जाने है एवं अनेकों निर्माणों पर कार्य जारी है।लेकिन बिना देखरेख के इन कार्यों की गुणवत्ता का आकलन स्वयं ही लगाया जा सकता है। ऐसे अनेकों निर्माण कार्य है जो जिम्मेदारों,ठेकेदारों एवं इंजीनियर की लापरवाही का दंश झेल रहे हैं। इसी क्रम में महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला सामने आया है जहां देखरेख के अभाव में शासन की राशि का दुरुपयोग जमकर किया जा रहा है।पूर्व में भी आई एच एस डी पी योजना अन्तर्गत भटिया टोला क्षेत्र में शासकीय आवास मकानों का निर्माण करोड़ों रुपयों की लागत से किया गया था,जिसका खामियाजा आज भी इन मकानों में रहने वाले भोग रहे हैं। लाखों रुपयों की लागत से इस सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना है,जिससे यहां के निवासियों को प्राथमिक उपचार एवं अन्य सुविधाएं दी जा सके,लेकिन ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर नव निर्मित निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा पानी की अनदेखी की जा रही है।दीवारों में तराई तक नही की जा रही,इसे निर्माण कार्य की गुणवत्ता कैसी होगी इसका अंदाजा स्वयं लगाया जा सकता है।

**इंजीनियर की अनदेखी या मिलीभगत...** नगर में इतने बड़े बड़े शासकीय निर्माण कार्य किए जाते हैं जिसमे इंजीनियर का विशेष योगदान होता है,वही इंजीनियर निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता और अपनी देखरेख में कार्य को अंजाम देता है जिससे की निर्माण बेहतर किया जा सके।यहां तक की हम भी अगर अपना कोई निजी कार्य करते हैं तो उसमे किसी अनुभवी या उस क्षेत्र की जिसे जानकारी हो उसकी देखरेख में कार्य कराते हैं। लेकिन यहां मामला दूसरा है, यहां इंजीनियर कभी निर्माण कार्य को देखने तक नही आए जिसका फायदा ठेकेदार द्वारा जमकर उठाया जा रहा है।यहां तक की इस विषय पर जब इंजीनियर से चर्चा करना चाहा तो वह अपने कार्यालय में अनुपस्थित रहे बल्कि अपने मोबाईल फोन को भी बंद रखा। इस तरह लापरवाही पूर्ण निर्माण कार्य में ठेकेदार और इंजीनियर की मिलीभगत का अंदेशा होता है। जिसकी भेंट शासकीय राशि चढ़ रही है।

# जंगली जानवरों से परेशान भारतीय किसान संघ ने धार तेहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## जंगली जानवरों से निजात नहीं मिली तो किसान संघ 21 मई 2024 को कलेक्टर कार्यालय का करेंगा घेराव



**धार।** भारतीय किसान संघ जिला धार कि जिला बैठक संपन्न हुई जिसमें संगठन को लेकर चर्चा की गई और किसानों कि फसलों का सबसे बड़ा नुकसान करने वाले जंगली जानवरों से निजात पाने के लिए एक बड़ा आंदोलन की तैयारी के लिए भारतीय किसान संघ जिला धार जो विगत कई दिनों से जंगली पशुओं के कारण जिसमें घोड़ा रोज़ सूअर से किसान बहुत परेशान है इन जंगली जानवरों के द्वारा किसानों की हरी-भरी फसलों को रोजाना नुकसान पहुंचाते रहते हैं।

इस विषय में भारतीय किसान संघ ने कई बार प्रशासन को इस बारे में अवगत भी करा चुका है फिर भी अभी तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है इसलिए भारतीय किसान संघ ने प्रशासन को 20 /05/2024 तक समय देता हुए कहा है कि यदि उक्त दिनांक तक समस्या का समाधान नहीं होता है तो दिनांक 21 /05/ 2024 को धार कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा एवं दिनांक 22 /5 /2024 से अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा जिसमें प्रत्येक दिवस पांच - पांच गांव के किसान लोग शामिल रहेंगे।

बैठक के दौरान उपस्थित थे राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष हरीश पटेल, जिला मंत्री यशवंत मुकाती, रंजीत पाटीदार, मोहन यादव, कालू सिंह राठौर, राधेश्याम बडगोता, अशोक बनिया, उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अमोल पाटीदार द्वारा दी गई।

# लोक सभा निर्वाचन 2024 मतदान दलों के भोजन व्यवस्था के संबंध में निर्देश जारी

**मतदान दल अपने मतदान केन्द्रो पर 18 अप्रैल को 2.00 बजे तक पहुंचेंगे**



**दुर्गेश बर्मन डिंडोरी**

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशन पर मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों के लिए भोजन चाय नाश्ता की व्यवस्था आपके विकासखण्ड स्तर पर संचालित स्व-सहायता समूह के माध्यम से मतदान दलों की व्यवस्था की जाएगी लेकिन समस्त दलो के सदस्यों से भुगतान प्राप्त कर की जाएगी। भोजन व्यवस्था के तहत मतदान दलों को नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात्रि भोजन की व्यवस्था की गयी है, यह व्यवस्था 18 अप्रैल और 19 अप्रैल के लिए की गयी है। मतदान दल उक्त व्यवस्थाओं को उपलब्ध कराने के लिए राशि तय की गई है द समूहों को 350/- रूपये प्रति व्यक्ति एवं पुलिस कर्मी से 200/- के मान से भुगतान किया जाना तय किया है,जिसके लिए समूह द्वारा मतदान दलों से भुगतान प्राप्त करने का प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई प्रेसवार्ता

**दुर्गेश बर्मन डिंडौरी**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। उक्त प्रेसवार्ता में स्वीप की जिला नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह सहित जिले के पत्रकारगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि मतदान के समापन हेतु नियत समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान (दिनांक 17.04.2024 की सायंकाल 6.00 बजे से) गैर कानूनी सभाओं का आयोजन एवं सार्वजनिक बैठकों (शासकीय कार्यों को छोडकर) का आयोजन प्रतिबंधित होगी। प्रतिबंधित क्षेत्र में 5 से अधिक लोगों के इकडा होने एक साथ आवाजाही (मतदान समाप्ति के 48 घंटे के दौरान द्वार से द्वार से भ्रमण को छोडकर एवं मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में छोडकर) करने की अनुमति नही होगी। राजनैतिक कार्यकर्ता, पार्टी कार्यकर्ता, जुलूस कार्यकर्ताओं, अभियान कार्यकर्ताओं, जो निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाये गये हैं (18 वर्ष से ऊपर) और जो उस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है, मतदान प्रारंभ होने के 48 घंटे पूर्व अर्थात दिनांक 17.04.2024 की सायंकाल 6:00 बजे से ऐसे सभी राजनैतिक पार्टी कार्यकर्ता जो संबंधित विधान सभा क्षेत्र के मतदाता नहीं है, ऐसे व्यक्ति तत्काल उक्त विधानसभा क्षेत्र से हटाए जाएंगे।

कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि जिले के 75 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में सीसीटीव्ही कैमरा लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि शुष्क दिवस में अवैध शराब विक्रय परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। जिले में किसी भी प्रकार की निर्वाचन संबंधी शिकयतों का सी-विजिल एप के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। साथ ही सभी जनपदों में कन्ट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

# लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार के निर्देश

**नरसिंहपुर।** उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, श्री अमित कुमार द्वारा लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने एवं जिले में अवैध गतिविधियों पर पूर्णत: अंकुश लागाने एवं अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों, अवैध कारोबार में लिप्त सक्रीय अपराधियों पर सख्ती से कार्यवाही करने हेतु आपरेशन प्रहार चलाया जाकर समस्त थाना प्रभारियों को जिले में अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, सट्टा/जुआ के कारोबार में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर पूर्णत: प्रतिबंधित किए जाने सख्त निर्देश दिये गये हैं।



आदतन अपराधियों को थाना बुलाकर दी जा रही समझाईस एवं चेतावनी ः- जिले के संपूर्ण थाना क्षेत्रों के ऐसे आदतन अपराधी जो कि सट्टा, जुआ, अवैध शराब, आवैध मादक पदार्थ के प्रकरणों में अपराधी रह चुके है उन्हे थाना बुलाया जाकर समझाईस देते हुये चेतावनी दी जा रही है कि भविष्य में उनके द्वारा अपराध में लिप्त पाये जाने पर उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

आदतन अपराधियों का कराया जा रहा फायनल वाउण्ड ओव्हर एवं दिये गये रेड एवं ग्रीन कार्ड ः- ऐसे व्यक्ति जिन्हें पूर्व में की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंतिम बाउंड ओव्हर किया गया है उन्हें इस बात का सतत ज्ञान रहे इस बावद रेड कार्ड एवं ग्रीन कार्ड तैयार कराये गये तथा ऐसे व्यक्ति जिन्हे धारा 110 द.प्र.सं. मे धारा 117 दंप्रसं के तहत अंतिम बाउंड ओव्हर किया गया है उन्हे रेड कार्ड एवं जिन्हें धारा 107,116 (3) दंप्रसं मे धारा 117 दंप्रसं के तहत अंतिम बाउंड ओव्हर किया गया उन्हें ग्रीन कार्ड वितरण किया जा रहा है एवं समझाईस दी जा रही है कि पुन: अपराध करने पर सीधे जेल जा सकते हो के संबंध मे समझाईस दी जा रही है। जिन आदतन अपराधियों का अभी तक फाईनल वाउण्ड ओव्हर नही कराया गया उनका फाईनल वाउण्ड ओव्हर कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक, श्री अमित कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। आचार संहिता प्रभाशील होने के उपरान्त की गयी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही ः-लोकसभा चुनाव 2024 हेतु आचार संहिता प्रभाशील

# अमरपाटन में डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती मनाई

**अमरपाटन।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 133वी जयंती एवं शोभा यात्रा तथा मतदाता जागरूकता रैली का गौरवशाली कार्यक्रम का आयोजन सतना रोड स्थित कृष्णा गार्डेन अमरपाटन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत हुई।अम्बेडकर चौक पहुंची जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित हुआ। पुष्प अर्पित करने के बाद वापस थाना से होते हुए मैहर रोड तिराहा, सतना रोड चौराहा होते हुए पुन: कृष्णा गार्डेन पहुंची जहां मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। शोभा यात्रा में मतदाता जागरूकता के तहत शहर वासियों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गई।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आदर्श बंसल ने अपने वक्तव्य में बहुत ही सरल और सहज तरीके से अपनी बात रखी अपनी बात में उन्होंने कहा कि आज भी संविधान पूरी तरह से लागू नहीं हुआ है अगर पूरी तरह से संविधान लागू हो जाए तो भारत में सभी समान हो जाएंगे। लेकिन आज तक व्यवस्था में बैठे लोगों ने यह कार्य नहीं किया। कार्यक्रम में पहली कक्षा के छात्र शौर्य वर्मा ने बाबा साहब के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किए साथ ही बाबा साहब की कही हुई बात को मंच से संबोधित किए। यह कार्यक्रम अमरपाटन के ग्राम पंचायत किरहाई के सरपंच रामलखन सागर एडवोकेट की टीम के द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें प्रमुख्य रूप से उमेश कुमार चोरहटा, सुशील कुमार गोबरी, नरेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र आर्या, सागर चौधरी, धर्मेन्द्र बंसल, दिनेश ट्रेडर्स अमरपाटन, मनसुख लाल साकेत कंचनपुर, रावेन्द्र वर्मा, गोरेलाल प्रजापति, जितेन्द्र भारती, रमेश भारती, शिवललन कुशवाहा, आदि लोगों की मेहनत से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदर्श बंसल दिल्ली यूनिवर्सिटी, बैजनाथ चौधरी, रामसखा साकेत, वीपी दिनकर, धर्मेंद्र अहिरवार, दुर्गा बंसल पार्षद, अनिल रावत सरपंच भेड़रा, राकेश पाल सरपंच भीष्मपुर, जितेंद्र बंसल सरपंच बरहिया, कुमार सानू पार्षद, नरेश वर्मा, केपी कोल, रामनरेश प्रजापति, गैविदीन साकेत, रामनारायण साकेत, अंजीत कोल, छंगू कोल, एवं सैकड़ो की संख्या में महिलाएं, यूवा तथा बुजुर्ग बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. नं 19 जिंसी जहांगीराबाद, भोपाल,मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9 , जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संवादक-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो -9893798715